रविवार

10 मार्च 2024

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




राजद नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर छापेमारी

2



## खबरें फटाफट

### आंध्र प्रदेश में बीजेपी और टीडीपी के बीच गठबंधन

**हैदराबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जनसेना के बीच गठबंधन पर मुहर लग गई है। टीडीपी अध्यक्ष एन.चंद्रबाबू नायडू ने इस गठबंधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी, भाजपा और जनसेना पार्टी के बीच एक गठबंधन करने पर सहमति बन गई है। कहा, आंध्र प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है। भाजपा और तेदेपा का साथ आना देश एवं राज्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी तारीफ की। नायडू ने दावा किया कि लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में तेदेपा-भाजपा-जनसेना गठबंधन विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर देगा। उन्होंने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत के बाद तीनों दलों ने गठबंधन पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जन सेना मिलकर आंध्र प्रदेश में लगभग आठ लोकसभा और 30 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, तेदेपा शेष 17 लोकसभा सीट और 145 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गठबंधन की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी। भाजपा आंध्र प्रदेश की करीब छह लोकसभा सीट और इतनी ही संख्या में विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने बताया कि गठबंधन पर सहमति नायडू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण के बीच बातचीत के दौरान बनी।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने पालीगंज में आयोजित सभा में लालू के परिवार पर साधा निशाना

# जमीन कब्जा करनेवाले भू माफियाओं को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे: शाह

- बोले अमित शाह- लालू यादव का एक ही सपना है अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना और सोनिया गांधी का सपना है अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना
- कहा- 2014 में नरेंद्र मोदी मोदी को बिहार ने 31 सीटें दी तो 2019 ने 39 सीटें दी। वर्ष 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अमित शाह पहली बार पटना पहुंचे। यहां उन्होंने आईसीएआर कैंपस में कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद वह पटना के पालीगंज पहुंचे। यहां उन्होंने ओबीसी महासम्मेलन को संबोधित किया। यहां उन्होंने लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अब बिहार में डबल इंजन की सरकार बन गई है अब भू माफियाओं को उल्टा लटकाया जाएगा और फिर सीधा किया जाएगा। एक कमिटी का गठन किया जाएगा जिसमें गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले जेल भेजे जाएंगे। लालू यादव का एक ही सपना है अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना और उधर सोनिया गांधी का एक ही सपना है अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी मोदी को बिहार ने 31 सीटें दी तो 2019 ने 39 सीटें दी। वर्ष 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र की भूमि चंद्रगुप्त और चाणक्य की भूमि है। यह भूमि स्वामी सहजानंद जी, बाबू कुंवर सिंह जी, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम जी,राजेंद्र प्रसाद जी की भूमि है।

### सत्ता में रहते लालू यादव को कर्पूरी ठाकुर की याद नहीं आई

अमित शाह ने कहा कि इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव सत्ता में रहे, लेकिन कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान करने का काम नहीं किया। बिहार के पिछड़े वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए बिताया। सोनिया गांधी का एक मात्र लक्ष्य है- राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना। लालू का एक मात्र लक्ष्य है- अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना। गरीब का अगर कोई भला कर सकता है तो नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी है। डबल इंजन की सरकार एक कमेटी गठन करेगी और जिन-जिन ने गरीबों की भूमि हथियाई है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।

### कांग्रेस ने सदन में आरक्षण का किया था विरोध

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये वही कांग्रेस है, जिसने पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। ये वही कांग्रेस है, जिसने सदन में आरक्षण का विरोध किया था। उन्होंने पिछड़ा और अतिपिछड़ा को इस बात का आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एक कमेटी बनाई जाएगी, जो गरीबो से हड़पी गई जमीन को वापस दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने 14 करोड़ जनता को घर दिया। 10 करोड़ जनता को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिलाया। 4 करोड़ जनता के पास नल जल से पानी पहुंचाया। अब केंद्र सरकार विश्वकर्मा योजना लाई है। इसके तहत पांच प्रतिशत सूद पर एक लाख, दो लाख ऋण मिलेगा और साथ में 15 हजार का किट भी मिलेगा।

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने देशभर के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया। पीएम मोदी 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज और 12 करोड़ गरीबों को शौचालय देने का काम किया। इसके अलावा 4 करोड़ गरीबों को आवास, 10 करोड़ गरीब माताओं को उज्ज्वला के तहत गैस सिलेंडर और 14 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। अमित शाह ने चलते-चलते राम मंदिर के मुद्दा को भी गर्म कर दिया। कहा कि लोग पूछते थे, कब बनेगा और किस तारीख को बनेगा? मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया और राम की प्राण प्रतिष्ठा भी की। ये लालू यादव जी ने क्या किया था? याद है आपको! लालू जी ने लाल कृष्ण आडवाणी जी का रथ रोक कर उन्हें गिरफ्तार करने का काम किया।

### आरजेडी-कांग्रेस दोनों घपला-घोटाला करने वाली पार्टी

आरजेडी और कांग्रेस दोनों घपला-घोटाला करने वाली पार्टी है। आरजेडी ने चारा घोटाला, वर्दी घोटाला, पाइप घोटाला, रेलवे होटल के आवंटन में घोटाला, बालू घोटाला किया और अरबों रुपए की बेनामी संपत्ति बेटे-बेटियों के नाम की। वहीं कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला, टूजी घोटाला, ऑगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, चिटफंड आदि घोटाला किया। जबकि पीएम मोदी पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।

# पीएम मोदी ने दुनिया की सबसे लंबी सुरंग का किया उद्घाटन



**एजेंसी/ईटानगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में दुनिया की सबसे लंबी सुरंग सेला टनल समेत कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. यहां 'विकसित भारत, विकसित नॉर्थईस्ट' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर में चार गुणा तेजी से विकास कार्य चल रहा है। पूरे देश में विकसित राज्य से विकसित भारत का राष्ट्रीय उत्सव तेज गति से जारी है। आज मुझे विकसित पूर्वोत्तर के इस उत्सव में, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के साथ एक साथ हिस्सेदार बनने का अवसर मिला है।

भारत में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अष्टलक्ष्मी का रहा है। दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के ट्रेड, टूरिज्म और दूसरे रिश्तों की एक मजबूत कड़ी हमारा नार्थ ईस्ट बनने जा रहा है। आज यहां एक साथ 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। आज अरुणाचल प्रदेश के 35 हजार गरीब परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के हजारों परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं, नॉर्थ ईस्ट के अलग-अलग राज्यों में कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए पीएम मोदी ने कहा, पूर्वोत्तर के विकास पर हमने जितना निवेश बीते 5 वर्ष में किया है, जितना काम किया है। इतना ही काम करने के लिए कांग्रेस को 20 साल लग जाते हैं। नॉर्थ ईस्ट को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विशेष तौर पर 'मिशन पाम ऑयल' की शुरूआत की थी. आज इसी मिशन के तहत पहली ऑयल मिल का लोकार्पण हुआ है। ये मिशन भारत को खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर तो बनाएगा ही साथ ही यहां के किसानों की भी आय बढ़ेगी।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी क्या होती है, ये आपको अरुणाचल में आकर साफ दिखता है. पूरा नॉर्थ ईस्ट देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। 2019 में मुझे सेला टनल का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। आज इसका लोकार्पण हुआ है। 2019 में ही डोनी पोलो एयरपोर्ट का भी मैंने शिलान्यास किया था। आज ये एयरपोर्ट शानदार सेवाएं दे रहे हैं। आज विकास के अनेक कामों में नॉर्थ ईस्ट, हमारा अरुणाचल पूरे देश में टॉप कर रहा है। आज जैसे सूरज की किरणें यहां पहले आती हैं, वैसे ही विकास के काम भी यहां सबसे पहले होने लगे हैं।

# 2 करोड़ 75 लाख का सोना के साथ तीन लोग गिरफ्तार

### तस्करी कर बांग्लादेश से भारत लाया गया था सोना

**केटी न्यूज/गया**

गया जिले सोने की तस्करी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल मुंबई जोनल यूनिट से विशेष सूचना के आधार पर, डीआरआई पीआरयू के अधिकारियों द्वारा गया के शेरघाटी में सवकला टोल प्लाजा पर हुंडई क्रेटा कार में 03 लोगों को आधी रात को पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार विदेशी मूल के सोने को कार से कोलकाता से ग्वालियर ले जाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार विदेशी मूल के सोने की ईंट के कुल 22 टुकड़े और 08 कट-पीस, जिनका वजन 3987.300 ग्राम है, जिनकी कीमत 2 करोड़ 75 लाख के करीब बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सोने के कट-पीस कार के सामने की सीट के नीचे बनाए गए बॉक्स के अंदर से मिले हैं। गिरफ्तार तस्करों ने स्वीकार किया कि बरामद सोने की सिल्लियां बांग्लादेश से भारत में तस्करी कर लाई गई थीं। वहीं इस मामले में बरामद सोना, पैकिंग सामग्री और वाहन के रूप में इस्तेमाल की गई कार को जब्त कर लिया गया और उक्त वाहकों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

# श्रीराम अगर आज होते तो भाजपा उनके घर भी सीबीआई और ईडी भेज देती: केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि श्रीराम अगर आज होते तो उनके घर भी भाजपा सीबीआई और ईडी को भेज देते और बंदूक रखकर उनसे पूछते की भाजपा में आना है या जेल जाओगे। सभी पार्टियों को तोड़ दो, ईडी, सीबीआई के जरिये सभी पार्टियों को खत्म कर दो न पार्टी रहेगी तो चुनाव ही नहीं होंगे। इनको गुजरात में मौका मिला था, एक भी स्कूल अच्छा नहीं मिला, एक टेंट का स्कूल लगवाकर पांच बच्चे एक फर्जी टीचर के साथ पीएम ने फोटो खिंचवा ली। सीएम ने आगे कहा कि अगर इन्होंने एक भी बढ़िया स्कूल बनाया होता तो इन्हें सरकार तोड़ने की जरूरत नही होती, जनता इन्हें खुद ही अपना समर्थन दे देती। उत्तराखंड में इन्होंने कांग्रेस की सरकार तोड़ दी, महाराष्ट्र में आघाडी सरकार को गिरा दिया। अपनी तोड़फोड़कर सरकार बना ली, ये पूरे देश में सभी पार्टियों को खत्म देना चाहते हैं। हिटलर ने तीन महीने में सभी को खत्म कर दिया, इन्होंने 10 साल लगा दिये। अगर श्री राम होते तो उन्हे भी बंदुक के दम पर कहते हमारी पार्टी में आ जाओ। उन्होंने कहा कि अब मुझे जेल में डालने की तैयारी है। भाजपा में मेरे कई मित्र हैं, वे कहते हैं वो केजरीवाल को अंदर करना चाहते हैं इसके बाद फ्री बिजली खत्म कर देंगे, इसके बाद बढ़िया स्कूल बर्बाद कर देंगे। जितने समन भेजोगे उतने ही स्कूल बनाऊंगा, अगर केजरीवाल के स्कूल और अस्पताल देख लोगे तो हमसे मोहब्बत हो जायेगी।




### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

# जीवन के किसी क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन जरूरी: योगी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में अनुशासन के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। जीवन के किसी क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन अनिवार्य है। अनुशासन आत्मानुशासन से पैदा होता है और यह जीवन भर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, मंजिल तक पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। इस दृष्टिकोण से युवाओं को अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान देने में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के सिक्टौर (तालकंदला) में एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर की ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में 55 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1948 में संसद के एक अधिनियम से गठित एनसीसी युवाओं को एकता और अनुशासन के लिए प्रेरित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी संगठन है। एनसीसी को आज के युवाओं के जीवन का हिस्सा बनाना पीएम मोदी का विजन है। पीएम के इस विजन को मिशन मोड पर आगे बढ़ाने के लिए गोरखपुर में एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी की स्थापना की जा रही है। यह एकेडमी एकता और अनुशासन की वह पाठशाला बनेगी जहां से सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूत किया जाएगा।

**युवा कार्यशील पूंजी को मिलेगी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा:** सीएम ने कहा कि यूपी की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। एनसीसी की ट्रेनिंग एकेडमी यहां की युवा कार्यशील पूंजी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वयं कोई अस्तित्व नहीं होता है। खुद के लिए जीना, कोई जीवन नहीं होता बल्कि हमारे लिए देश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है सरकार:

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था की तरफ से प्रयास किया जाता है तो सरकार दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी के लिए गोरखपुर मुख्यालय ने ऐसा ही प्रयास किया। देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य होने के चलते यूपी के लिए इस एकेडमी का अपना महत्व होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर में आने वाले 11 जिलों में से 4 जिले सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जनपद हैं। एनसीसी एकेडमी में प्रशिक्षित युवा इन जिलों को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## रेत माफिया से जुड़े केस में ईडी ने की कार्रवाई

# राजद नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर छापेमारी

- सुभाष यादव के ठिकानों पर इससे पहले आयकर विभाग की पड़ी थी रेड
- सुभाष पर विभिन्न थानों में एक दर्जन से ज्यादा केस

**केटी न्यूज/पटना**



राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी और वरिष्ठ आरजेडी नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर शनिवार को ईडी की पटना टीम ने रेड की है। उनके दानापुर समेत तकरीबन 6 ठिकानों पर ईडी की टीम ने एकसाथ छापेमारी की। बताया जा रहा है कि रेत माफिया से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई चल रही है। बीते कई घंटों से ईडी की कार्रवाई जारी है। आपको बता दें इससे पहले भी सुभाष यादव के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड पड़ी थी। आईटी टीम ने साल 2018 में पटना, दिल्ली और धनबाद में ये कार्रवाई की थी। 2019 के लोकसभा में सुभाष यादव ने झारखंड के चतरा से राजद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि लालू यादव के परिवार से सुभाष का कोई पारिवारिक रिश्ता नहीं है। लेकिन वो लालू के करीबियों में एक हैं।

आपको बता दें सुभाष यादव के खिलाफ पटना के ही तमाम थानों में एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें ज्यादातर अवैध बालू खनन से जुड़े हुए हैं। और कुछ आपराधिक मुकदमे भी हैं। इससे पहले शुक्रवार को लालू यादव की पार्टी आरजेडी के एमएलसी विनोद जायसवाल के पटना स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। कोलकाता से आई ईडी टीम ने शराब फैक्ट्री की जांच मामले में ये कार्रवाई की है। जिसमें टैक्स चोरी की बात सामने आ रही है। और अब राजद नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई जारी है।

जांच में यह बात सामने आई कि उनकी मालिकाना हक वाली कंपनी ब्रॉडसॉन्स ने बिहार के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन और बिना चालान या गलत चालान की बिनाह पर 250 करोड़ से अधिक का राजस्व चोरी कर ली थी। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग और कइयों की काली के निवेश से जुड़े कई तथ्य सामने आने पर ईडी ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले 2022 में इनकम टैक्स विभाग ने आयकर चोरी के आरोप में उनके ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर की थी। इसमें करोड़ों की आयकर चोरी सामने आई थी। ईडी ब्रॉडसॉन कंपनी के अन्य निदेशकों पर पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। उनके ठिकानों पर छापेमारी भी की गई थी। इसी मामले में जेडीयू एमएलसी राधाचरण सेठ, कंपनी के एमडी अशोक गुप्ता, उनके बेटे कन्हैया कुमार समेत अन्य लोग जेल जा चुके हैं।

## दुबारा परीक्षा लेने का विरोध कर डाटा ऑपरेटरों ने की हड़ताल

- भोजपुर में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी डाटा ऑपरेटर ने किया कार्य बहिष्कार
- पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग का कार्य पूरी तरह ठप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जिले के सभी डाटा ऑपरेटर ने तीन साल लगातार कार्य करने के बाद उर्मिला इंटरनेशनल कंपनी द्वारा दोबारा परीक्षा लेने के विरोध में शनिवार को कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल कर दिया। जिले के सभी डाटा ऑपरेटर आरा सदर अस्पताल के ओपीडी विभाग में इकठ्ठे होकर हड़ताल कर इसका जमकर विरोध किया। डाटा ऑपरेटर के हड़ताल पर जाने से पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। जिसके कारण जिले के अलग-अलग जगह एवं दूर-दराज से इलाज कराने आए मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोग बिना इलाज कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे।

इधर सदर अस्पताल के ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कार्यरत डाटा ऑपरेटर रवि कुमार ने बताया कि पूरे जिले में करीब एक सौ पचास एक साथ डाटा ऑपरेटर ने उर्मिला इंटरनेशनल कंपनी के अंतर्गत परीक्षा एवं टाइपिंग टेस्ट देकर ज्वाइन किया था। सभी डाटा ऑपरेटर करीब साढ़े तीन साल से लगातार से अपना कर सुचारू रूप एवं सही तरीके से कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद उर्मिला इंटरनेशनल कंपनी द्वारा एक पत्र जारी करते हुए दोबारा परीक्षा एवं टाइपिंग टेस्ट लेने की बात कही है। जिसको लेकर हम लोगों ने आज का कार्य बहिष्कार कर हड़ताल किया है। हमलोगों की मांग है कि जितने भी लड़के साढ़े तीन साल से डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं वह तो नहीं अब परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और ना ही टाइपिंग की तो वह दुबारा परीक्षा कैसे देंगे। हम चाहते हैं कि कंपनी इस आदेश को रद्द करे और हमलोग जैसे काम कर रहे हैं करने दे।

दूसरी ओर तरारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला डाटा ऑपरेटर सर्वपूजा ने बताया कि हमलोगों का परीक्षा एवं टाइपिंग टेस्ट लेकर ही बहाल किया गया था और उसे समय तीन साल का कार्यकाल तय किया गया था। अगर उसे समय हमलोगों की टाइपिंग परफेक्ट नहीं होती तो हमलोगों को जॉब क्यों दिया जाता। हमलोगों की मांग है कि कंपनी द्वारा जो नया नियम लाया गया है कि दोबारा से परीक्षा लिया जाएगा और टाइपिंग टेस्ट लिया जाएगा। इसे रद्द किया जाए।

## गिरिराज सिंह बोले... डूबती हुई नैया है कांग्रेस, इसलिए सब छोड़ रहे हैं साथ

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भी कांग्रेस को झटका दिया है। ऐसे में अब इस मामले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को फिर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा है कि - कांग्रेस अब डूबती हुई नैया है और डूबती नैया पर कौन बैठेगा, इसलिए सब भाग रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार भाजपा में शामिल होने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि- कांग्रेस डूबती नाव है। इसलिए सब कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं। महाराष्ट्र से लोग भाग गए हैं, सब जगह से लोग भाग रहे हैं। डूबती हुई नाव की पतवार जिसके हाथ में है, उस पर कांग्रेस के लोगों को भरोसा नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की पहली लिस्ट में यूपी के अमेठी और रायबरेली सीट से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नाम घोषित नहीं होने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि - कांग्रेस को अमेठी की जनता पर भरोसा नहीं है। अमेठी ने इंदिरा गांधी के परिवार को सम्मान दिया। लेकिन कांग्रेस ने 5 साल अपने कार्यकाल में सम्मान के बदले अमेठी की जनता को अपमानित किया। गिरिराज सिंह ने कहा कि- कांग्रेस को सिर्फ मुस्लिम मतदाता पर भरोसा है, इसलिए तो राहुल गांधी ने वायनाड से फिर चुनाव लड़ने की घोषणा की और अमेठी को भूल गए। उन्हें अमेठी की जनता पर भरोसा नहीं है। स्मृति ईरानी 5 साल में जितनी बार अमेठी गई, उसका एक चौथाई भी गांधी परिवार अमेठी नहीं गया। अमेठी की जनता स्मृति ईरानी को अपनी बेटी और बहन के रूप में मानती है। इसीलिए राहुल गांधी ने वायनाड से चुनाव लड़ने की घोषणा की।






## चिराग के बाद अब कुशवाहा व मांझी ने बढ़ाई बीजेपी की टेंशन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार एनडीए में सीटों के बंटवारे का पेंच फंसता दिख रहा है। एनडीए में शामिल क्षेत्रीय दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक रहे हैं। चिराग पासवान के बाद अब जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने भी सीट शेयरिंग का पेंच फंसा दिया है। इससे अब बीजेपी की बेचैनी बढ़ गई है और नाराज सहयोगियों को मनाने की कोशिश शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर एनडीए के भीतर गहमागहमी शुरू हो गई है। एनडीए में शामिल क्षेत्रीय दल कम सीटे मिलने से नाराज हो गए हैं। सबसे पहले एनडीए में शामिल चिराग पासवान की पार्टी बीजेपी से जहां लोकसभा की पांच और राज्यसभा की एक सीट पर दावा ठोक दिया तो वहीं अब मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने भी बीजेपी से अधिक सीटों की मांग कर दी है। ऐसे में अब नाराज सहयोगियों को मनाने का काम शुरू हो गया है। एक तरफ जहां नाराज मांझी को मनाने के लिए बीजेपी सांसद और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उनके आवास पहुंचे हैं और जीतन राम मांझी और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन से मुलाकात की है। तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी सांसद संजय जायसवाल ने उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की है। इन मुलाकातों को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक एनडीए में बीजेपी-17, जेडीयू-16, लोजपा-3, हम-1, राष्ट्रीय लोक मोर्चा-1 और राष्ट्रीय लोजपा को दो सीटें देने का फॉमूर्ला तय किया गया है हालांकि चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा इस फॉमूर्ले से संतुष्ट नहीं हैं और बीजेपी से और अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं। गठबंधन में शामिल जेडीयू किसी भी हाल में अपनी सीटें छोड़ने नहीं जा रही है।

## प्रेस क्लब ऑफ इंडो-नेपाल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रूद्र किंकर को मातृशोक

**केटी न्यूज/पूर्णियां**



संतमत सत्संग से जुड़ी चित्रांश समाज की समाजसेविका सह प्रेस क्लब ऑफ इंडो-नेपाल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रूद्र किंकर वर्मा एन ब्रदर्स की राजमाता निर्मला देवी का पूर्णियां के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 79 वर्ष की थी। वर्मा पैलेस बिहारीगंज निवासी बाबू नरेश लाल दास की धर्मपत्नी निर्मला देवी परलोक सिधार गईं।

महिला चित्रांश महासभा से जुड़ी समाजसेविका संतमत सत्संग से जुड़ी राजमाता का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। परिजन , कुटुंब जनों ने ईश्वर से उनके परिजनों को संबल प्रदान करें एवं दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। उनके निधन पर फैसल एजुकेशनल सोसायटी शंकरपुर के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी ने कहा कि दुआ करें कि अल्लाह पाक उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मकाम अता फरमाए और राजमाता को सब्र ए जमील की तौफीक दे।

निर्मला देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र वरीय पत्रकार डा. रूद्र किंकर वर्मा ने दी। सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र एवम मीडिया से जुड़े लोगों ने उनके असामयिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं पत्रकार के सोशल साइट व उनके आवास पर संवेदना प्रकट करने वाले लोगों की आवाजाही जारी है।

## गया में युवक की गला रेतकर हत्या

**गया।** गया में अपराधियों ने धारदार हथियार से एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी। अपराधी हत्या कर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मामला बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव के समीप की है।

## होली स्पेशल ट्रेन के परिचालन को मंजूरी

**पटना।** होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा कई ट्रेनों के परिचालन को मंजूरी दी गई है। गाड़ी संख्या 02365/02366 राजगीर-आनंद विहार-राजगीर सुपर फास्ट स्पेशल 16.03.24 से 30.03.24 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को राजगीर से 20.00 बजे खुलकर 22.10 पटना रुकते हुए अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02366 आनंद विहार-राजगीर सुपर फास्ट स्पेशल दिनांक 17.03.24 से 31.03.24 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को आनंद विहार से 23.45 बजे खुलकर अगले दिन 16.30 बजे पटना रुकते हुए 19.10 बजे राजगीर पहुंचेगी। यह ट्रेन बिहार शरीफ, बख्तियारपुर, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, गोविंदपुरी स्टेशनों पर रुकेगी।

गाड़ी संख्या 03257 दानापुर-आनंद विहार सुपर फास्ट दिनांक 24.03.24 एवं 31.03.24 को (रविवार) को दानापुर से 07.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार-दानापुर सुपर फास्ट स्पेशल दिनांक 25.03.24 एवं 01.04.24 को सोमवार को आनंद विहार से 05.00 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए उसी दिन 20.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर स्टेशनों पर रुकेगी।










## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

# लोक अदालत में निपटे 2036 मामले

- वाद के निपटारा के लिए बनाए गए थे कुल बारह बेंच
- सात करोड़ 62 लाख 91 हजार 120 रुपए की समझौता राशि के मुकदमों का सुलह कराया गया





**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभाकर दत्त मिश्र उपस्थित मंचासीन पदाधिकारी एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव, देवेश कुमार, व्यवहार न्यायालय, अपर समार्हता कुमारी अनुपम, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोक अदालत सुबह दस बजे शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक चल रहे इस राष्ट्रिय लोक अदालत में विभिन्न वाद के 2036 मामले का निपटारा कराया गया। इस दौरान अपने संबोधन में जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत सुलभ और एक ही दिन में मुकदमे के निपटारे का सुलभ रास्ता है। इसमें ना कोई पक्ष जीतता है, ना ही कोई पक्ष हारता है इसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। कोई भी व्यक्ति अपने वाद का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से करा सकता है। लोक अदालत में आने वाले वाद के सभी पक्षकारों को लोक अदालत पर मैं स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि सुलह के आधार पर अपने-अपने वादों का निष्पादन वे करवाएंगे। मौके पर देवेश कुमार अवर न्यायाधिश सह सचिव, जिला प्राधिकार ने कहा कि देश के सभी जिला न्यायालय में सुलहनीय वादों के निष्पादन, लोगों को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का गठन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के आम जनमानस को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना, विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना, साथ ही जिला न्यायालय में लंबित सुलहनीय वादों को चिन्हित कर दोनों पक्षकारों के बीच मध्यस्थता करवाकर उनके बीच हुए मनमुटाव, आपसी बैर को खत्म कर समाज के लोगों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखना है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन इस उद्देश्य से ही किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय पर बढ़ रहे मुकदमों के बोझ को कम किया जा सके। साथ में लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध करवाना है। उन्होंनें कहा कि लोक अदालत जनता की अदालत है। जिसमे आपकी सहमति से ही आप के द्वारा किया गए मुकदमो को सुलह के आधार पर निपटारा करवाया जाता है।

**इन वादों का हुआ निपटारा:** इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक के 602 व भारत संचार निगम लिमिटेड एवं यातायात के कुल 711, ग्राम कचहरी के 31, आपराधिक 193 वाद, चेक बाउंस के शून्य, यातायात अधिनियम के 711 जिसमें 56 लाख 40 हजार 173 रुपए की रिकवरी की गई, विद्युत वाद के 304 मामले का निपटारा कराया गया। जिसमें 3 लाख 64 हजार 202 रुपए जिले के विभिन्न बैंकों ने 602 मामलों जिसमें हुए निष्पादन में इस दौरान कुल 05 करोड़ 66 लाख एक सौ 73 रुपए की रिकवरी किया।

**राष्ट्रीय लोक आदालत में इनकी रही मौजूदगी:** इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रभाकर दत्त मिश्र, देवराज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रामचंद्र प्रसाद, अवर न्यायाधीश, प्रीति आनंद, मुंसिफ, कमलेश सिंह देव अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, सुभम त्रिपाठी, नेहा त्रिपाठी, गौरव कुमार सिंह, विष्णु प्रिया, आदि पैनल अधिवक्ता, बासुकी नाथ पाठक, विष्णु दत्त द्विवेदी, मधु कुमारी, आरती राय, आदि उपस्थित थे।

## पटवन विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के श्रीकांतपुर गांव में शनिवार की सुबह पटवन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हवाई फायरिंग हुई, इसके पूर्व शुक्रवार की शाम भी दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले थे जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम गांव के रामयश यादव व श्रीकांत यादव के बीच गेहूं के पटवन को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में दोनों पक्षों से ईंट पत्थर व लाठी डंडे चले। जिसमें उपेन्द्र यादव घायल हो गए। उपेन्द्र यादव स्थानीय चौकीदार के भाई है। जिनका इलाज गांव के ही एक निजी अस्पताल में कराया गया। हालांकि, शाम में सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया था। लेकिन, शनिवार को इसी विवाद में दोनों पक्ष एक बार फिर से आमने सामने आ गए तथा एक दूसरे पर धौंस जमाने के लिए हवाई फायरिंग किए। हवाई फायरिंग से गांव में हड़कंप मच गया था। लोग भागकर अपने घरों में छिप गए। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से गोली के अग्र भाग का पिलेट मिला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष के तरफ से दो दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## चौसा के निमार्णाधीन थर्मल पॉवर प्लांट में नहीं थमा विरोध



- सूचना पर पहुंचे एसडीओ व डीसपी, शुक्रवार को मजदूरों ने किया था उग्र आंदोलन
- किसानों ने केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे को भी आड़े हाथों लिया

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा में निर्माणधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को मजदूरों के उग्र आंदोलन से जहां काम ठप हुआ था वही शनिवार को किसानों ने भी मुख्य गेट को जाम कर काम बंद करा दिया। इसकी सूचना मिलते ही सदर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व डीएसपी धीरज कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों ने आंदोलनकारी किसानों से देर तक वार्ता की, लेकिन किसान अड़े रहे। जिसके बाद मुख्य गेट का रास्ता छोड़ धरना देने की बात कह अधिकारी वापस लौट गए। किसानों के इस तेवर से परियोजना का निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया। किसानों ने कहा इस बार गेट जाम तभी हटेगा, जब किसानो की मांगे पूरी हो जाएगी। वही पूरे दिन पांच थानों की पुलिस टीम प्लांट के आस पास तैनात थी। बता दें कि इसके पहले शुक्रवार को मजदूरों ने मजदूरी की मांग पर पूरे दिन काम ठप कराया था। मिली जानकारी के अनुसार किसान 11 सूत्री मांगों को लेकर विगत पंद्रह दिनों से प्लांट के गेट पर धरना दे रहे है। गौरतलब है कि करीब दस दिन पहले प्रशासन ने किसानों के साथ बैठक की थी। जिसमें किसानों के साथ कई मुद्दों पर सहमति बनी थी। लेकिन, किसानों का कहना है कि कंपनी व प्रशासनिक अधिकारी आश्वासनों को अमली जामा नहीं पहना सकें है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि इस बार एसजेवीएन का कोई उच्च अधिकारी व ऊर्जा मंत्रालय से कोई आयेगा, तभी जाम हटेगा।

**केन्द्रीय मंत्री पर भी लगाया आरोप:** थर्मल पॉवर प्लांट के पास धरना दे रहे किसानों ने स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि पिछले दिनों स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री ने 24 फरवरी की बैठक में आश्वासन दिया था कि दो मार्च को समाहरणालय परिसर में आरएनआर पॉलिसी के तहत किसान मजदूरों को 750 दिनों की मजदूरी के साथ किसान पहचान पत्र वितरित किया जाएगा। लेकिन, केन्द्रीय मंत्री के इस घोषणा पर भी अमल नहीं हो सका। इससे साफ जाहिर है कि अब तक किसानों को केवल बरगलाने का कार्य किया जा रहा है।

## खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा सांसद महाकुंभ: चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि संसद खेल महाकुंभ उभरते खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। उनकी प्रतिभा को निखार रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज पूरे देश में सांसद खेल महाकुंभ के रूप में अनुपम प्रयोग किया जा रहा है। इससे ग्रामीण व शहरी खेल प्रतिभाओं को एक मंच मिला है। केंद्रीय मंत्री चौबे शनिवार को एमपी हाई स्कूल बक्सर में लड़कियों के लिए विशेष तौर पर आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे सत्र के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लड़कियां खेल के क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल कर रही है। यह अन्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पिछले सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह और आत्मविश्वास दिखा, वह आज हर खिलाड़ी, हर युवा की पहचान बन गया है। सांसद खेल महाकुंभ को भाजपा के जिले के वरिष्ठ नेता एवं बक्सर से पूर्व प्रत्याशी रहे स्व. परशुराम चतुर्वेदी के स्मृति को समर्पित किया गया है। लड़कियों के लिए कबड्डी, खो-खो एवं हॉकी खेल का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल महाकुंभ नई और उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें भरपूर मौका देने का भी एक माध्यम बन गया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने स्कूल में मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 74 लाख के विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भोला सिंह, खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राहुल आनंद एवं अन्य कार्यकर्ता सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का वितरण:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग जनों के बीच सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांग जनों के बीच निशुल्क सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। वृद्ध एवं दिव्यांगजन समाज की मुख्य कड़ी हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई केंद्रीय योजना चल रही है। इस कड़ी में इन्हें निशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों से बातचीत की। केंद्रीय योजनाओं के अनुभव बारे में भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद थे।

## बाइक के साथ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने डुमरांव के दक्षिण टोले मोहल्ले में छापेमारी कर बाइक के साथ शराब बरामद करने में सफलता पायी हैं। इस मामले में दक्षिण टोला मोहल्ले का रहने वाला सुरेश राम के पुत्र प्रिंस कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है जबकि पुलिस को देखते ही दूसरा धंधेबाज भागने में सफल रहा। वहीं दूसरी ओर नया भोजपुर ओपी पुलिस ने पुराना भोजपुर गांव से छह पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस मामले में पुराना भोजपुर के गणेश गुप्ता के पुत्र गोविंद कुमार गुप्ता को पकड़ा हैं। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी शराब मामले में गिरफ्तार हुए था।

## टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस के पहले दिन आगमन पर जोरदार स्वागत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

टाटानगर से बक्सर के बीच विस्तारित टाटा- आरा- बक्सर एक्स प्रेस के पहले दिन आगमन पर रेल यात्री कल्याण समिति ने डुमरांव रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया। साथ ही समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में ट्रेन के दोनों पायलटों एवं रेल कर्मियों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर इस ट्रेन के डुमरांव स्टेशन पर ठहराव पर खुशियां मनायी। आगमन के प्रथम दिन 18183 अप टाटा- आरा- बक्सर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय रात के 9:18 बजे से 60 मिनट विलम्ब से चलते हुए 10:18 में डुमरांव पहुंची। जहां समिति सदस्यों ने जोरदार नारों के साथ ट्रेन का स्वागत किया। वहीं समिति अध्यक्ष ने लोको पायलट धीरज कुमार व वीके कुमार को फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर डुमरांववासियों को टाटानगर के लिए सीधी रेल सेवा मिलने पर खुशी जताया। इसके साथ ही समिति सदस्यों ने स्टेशन मास्टर अविनाश कुमार व अन्य रेल कर्मियों के अलावा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ट्रेन के प्रथम आगमन और डुमरांव में ठहराव की खुशियां मनाई।

## जमीन विवाद में हुई गोलीबारी से एक युवक गंभीर रुप से जख्मी

**नावानगर।** स्थानीय थाना के कुलमनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों हुई मारपीट के साथ गोलीबारी का मामला प्रकाश में आया है। इस गोलीबारी में वकील यादव का पुत्र अखिलेश यादव के पैर में गोली लग गई है। जिससे युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। जिसकी प्राथमिक उपचार नावानगर के बाद बक्सर रेफर किया गया। जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बनारस ड्रामा सेंटर भेज दिया है। फिलहाल युवक को खतरे से बाहर होने की जानकारी मिल रही है। इधर जख्मी युवक के चाचा संजय कुमार सिंह ने नावानगर थाना में धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ भोला यादव, धनंजय यादव उर्फ निरहु यादव समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव के भोला यादव व संजय यादव के बीच पूर्व से ही जमीनी विवाद चला आ रहा है। दोनों के बीच पूर्व में कई बार हाथपाई व लाठी डंडा चला था। परंतु बात पंचायत में जाकर समाप्त हो गई थी। इस बार विवाद आगे बढ़ गया। पहले दोनों पक्ष आमने-सामने हुए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा। इसी बीच एक पक्ष ने गोली चला दी। जिसमें युवक जख्मी हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष डॉ. नंदू कुमार ने बताया कि एक पक्ष द्वारा चलाई गई गोली मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पर आरोपी भोला यादव का परिवार घर में ताला बंद कर फरार है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## लग्न में शादी-विवाह वाले भी करते है खरीदारी, सड़को पर लगा देते है वाहन

# फोरलेन पर लगती है सब्जी मंडी, घटों बाधित रहता है आवागमन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के नया भोजपुर स्थित एनएच 922 फोरलेन मुख्य सड़क पर इन दिनों सब्जी बेचने वालों की भरमार लगी रहती है। लग्न में बारातियों और नाते-रिश्तेदार को ताजी सब्जियां खिलाने की चाह को लेकर शादी-विवाह वाले लोग भी खरीदारी करने पहुंचते है। आसपास के दर्जनों गांवों से आये कृषक अपने खेत मे उपजे सब्जियों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही रखकर खरीद-बिक्री करते है। कृषकों और खरीदारों की भीड़ और वाहनों के सड़कों पर ही खड़ा करने से करीब हर रोज चार घंटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित रहता है। ऐसी स्थिति में अचानक वाहनों के रफ्तार बढ़ने से कभी भी हादसा होने का भय बना रहता है। नया भोजपुर के पास बने नये फ्लाईओवर से उतरते ही सब्जी मंडी लग जाती है। ऐसे में जो भी वाहन बक्सर की ओर से आते है। उन्हें सब्जी बाजार की भीड़ का अंदाजा ही नहीं लग पाता है। ऐसे में हादसा होने की संभावना बढ़ जाती है। हादसों से बचाव और सावधानी को लेकर नया भोजपुर के समाजसेवियों ने अनुमंडल प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगायी है। बताया जाता है कि नया भोजपुर में बाइपास के समीप एक निजी जमीन पर सब्जी मंडी लगता है। सब्जी बेचने वाले कृषक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आकर भी अपना कारोबार करने लगे है। जबकि पूर्व में यहां मंडी नहीं लगती थी। मंडी के लिए पर्याप्त जगह है। परंतु मंडी में सब्जी बचने वाले अपनी सुविधा अनुसार यह अपनी मर्जी से कार्य करते है। जानकारों का कहना है कि इस मंडी में हर रोज करीब लाखों रुपये के सब्जी का थोक कारोबार होता है। इस कारोबार से जुड़े आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के कृषक अपने खेतों में उपजी सब्जी को छोटे-बड़े वाहनों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचते है और करीब चार घंटे तक गुलजार रहने वाली इस मंडी में अपने कारोबार को कर लौट जाते है। इस अवधि में छोटे-बड़े वाहनों के परिचालन में बाधा पहुंचती है और किसी तरह वाहन इस मंडी को पार करते है। इस संबंध में एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि सब्जी मंडी के पास कई बार स्थानीय थाना को लगाया गया। पुलिस बल को देख कृषक और खरीदार सड़क छोड़ देते है लेकिन पुलिसकर्मियों के हटते ही स्थिति ज्यों की त्यों बन जाती है। स्थानीय थाना को गश्ती करने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### नारी शक्ति फिटनेस रन का हुआ आयोजन




**केसठ।** शनिवार को प्लस टू उच्च विद्यालय केसठ के खेल के मैदान में नेहरू युवा केन्द्र बक्सर के द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केसठ पंचायत की सरपंच दुर्गावती देवी उपस्थित रहीं। वही ये कार्यक्रम सोनू कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। सरपंच ने कहा कि आज के युग में महिलाए पुरषो से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है,चाहे वो खेल कूद,पढ़ाई आदि का क्षेत्रों में औव्वल स्थान ला रही है। उन्होंने कहा की इस तरह का आयोजन खास कर गांव क्षेत्रो में आयदिन होनी चाहिए। इस से महिला सशक्तिकरण के साथ साथ नारी का मान सम्मान बढ़ेगा। इस कार्यक्रम में 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम पिंकी कुमारी, द्वितीय प्रिया रंजन तृतीय मुस्कान कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। जिन्हें सरपंच के द्वारा मेडल, अंग वस्त्र और कप से सम्मनति किया गया। इस दौरान मैदान के चारो तरफ काफी संख्या में दर्शकों की भीड़ देखी गई। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता ने बताया की इस तरह के आयोजन से महिलाओं को समाज में समान अधिकार मिलता है। मौके पर सबिता कुमारी, द्विव्या कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, मानती कुमारी, गोलू, बिट्टू, विकास कुमार समते अन्य मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया चाहरदीवारी निर्माण का निरीक्षण



**केसठ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने शनिवार को मनरेगा के द्वारा प्राथमिक विद्यालय शिवपुर पश्चिम में चल रहे चाहरदीवारी निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ने संबंधित ठेकेदार को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। जिसके बाद बीडीओ ई किसान भवन के कार्य में लगे कर्मियों ने पानी की समस्या से बीडीओ को अवगत कराया था। जिसके बाद बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए पानी की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया की ई किसान ई किसान भवन के निर्माण में पानी की व्यवस्था नही होने की शिकायत मिली थी। जिसको देखते हुए ई किसान भवन का निरीक्षण किया गया। जांच में पानी की कमी की शिकायत सही पाया गया। पानी की समस्या को दूर करने के लिए जेई को निर्देश दे दिया गया। जल्द ही निर्माण कार्य में पानी की किल्लत दूर होगी। इसी क्रम में बीडीओ ने प्रगतिशील किसान लालबाबू कुशवाहा के द्वारा किए गए मशरूम के फसल का निरीक्षण किया।

### डीएम ने सेक्टर पदाधिकारियों को पढ़ाया दायित्व का पाठ




**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने शनिवार को बक्सर व राजपुर विधान सभी क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटो को चुनाव पूर्व व चुनाव के दिन के उनके दायित्व का पाठ पढ़ाया। डीएम ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान गश्ती दल दंडाधिकारी नहीं होने के कारण सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को आवंटित मतदान केंद्रों का भ्रमण कर एएमएफ की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे एवं मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत तक बढ़ाने का कार्य योजना बनाएंगे तथा सभी निर्वाचकों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही अपने-अपने आवंटित क्षेत्र के भेद्य टोला/मुहल्ला की पहचान करेंगे। डीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना सबकी जिम्मेवारी है। वही उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों से अपने अपने क्षेत्र के बूथों का भौतिक सत्यापन कर रैंप, पहुंच पथ, बिजली, पानी, शौचालय आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी हासिल कर उसकी रिपोर्टिं करने का निर्देश भी दिया। बैठक में अपर समहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बक्सर व डुमरांव के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बक्सर व राजपुर विधानसभा के सभी सेक्टर पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद थे।



# 2163 वादों का हुआ निष्पादन, 5 करोड़ 61 लाख रुपए का हुआ समझौता

♦ लोक अदालत से निस्तारित वादों से भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : जिला जज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

न्यायालयों पर से मुकदमों का बोझ कम करने एवं छोटे-छोटे सुलहनीय वादों का त्वरित गति से निष्पादन करने के उद्देश्य से औरंगाबाद में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि छोटे-छोटे सुलहनीय मामलों का लोक अदालत के माध्यम से निष्पादन कर दोनों पक्षों के बीच आपसी सौहार्द कायम करने की यह पहल है। ऐसे मुकदमों का निष्पादन होने से न केवल न्यायालयों पर से मुकदमों का बोझ कम होता है बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक शीघ्र न्याय पहुंचता है। इससे लोग मुकदमों पर होने वाले आवश्यक खर्च और परेशानियों से भी बचते हैं। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए 10 से अधिक बेंचों का गठन किया गया है।



उन्होंने मीडिया के सहयोग को सराहा और कहा कि विगत कई माह, कई वर्षो से जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आपका सहयोग मिल रहा है वह आगे प्राप्त होता रहे ताकि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जन-जन तक लाभ पहुंचकर अपने उदेश्य को सार्थक साबित करता रहें। कार्यक्रम में आगंतुकों का स्वागत अभिभाषण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जितने भी वादकारी गण यहां आये हैं आप सभी के सहयोग से ही लोक अदालत एक मुकम्मल स्थान को पायेगा। उन्होंने इस अवसर पर लोक अदालत के हर गतिविधि को जन-जन तक पहुंचने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आपके माध्यम से आज भी लोग लोक अदालत में उपस्थित होते हैं तो उन्हें इसका उचित लाभ प्राप्त होगा।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल पीजी के छात्र की इलाज के दौरान हुई मौत

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भलुहारा गांव निवासी सिकंदर यादव के 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उर्फ बादल की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर बनारस में मौत हो गई। दरअसल वह 6 मार्च को रफीगंज थाना क्षेत्र के कियाखाप गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हों गया था। मृतक के मामा राजद आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल व जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने बताया कि मनीष पटना विश्वविद्यालय में पीजी का छात्र था। 6 मार्च को रफीगंज थाना क्षेत्र के अकौनी गांव अपने मौसी के घर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जहां से वह बाइक से रफीगंज रेलवे स्टेशन पर अपने दोस्त को लाने के लिए जा रहा था, जैसे ही वह कियाखाप गांव के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के भीड़ जुट गई जिनके सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज भर्ती कराया गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मनीष को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने मनीष को गोपाल नारायण अस्पताल जमुहार में भर्ती कराया, लेकिन वहां से भी डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर बनारस रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। इधर घटना की सूचना पर पटना विश्वविद्यालय के छात्र मनीष को स्वस्थ होने के लिए हवन कर रहे थे। लेकिन मौत की सूचना से छात्र गमगीन हैं। मनीष दो भाइयों में बड़ा था, उसकी दो बहने थी। मनीष के पिता गांव में ही खेती बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना के बाद बनारस में ही शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। घटना पर जिला पार्षद अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, विकास कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, सुशील कुमार सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



### भोजपुर में दो बाइक की भिड़ंत में सीआरपीएफ जवान सह कुक की मौत, दो जख्मी

**आरा।** भोजपुर में आरा-बक्सर हाइवे पर शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। उसमें एक बाइक पर सवार सीआरपीएफ जवान सह कुक की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के महुआर गांव निवासी शिवाजी सिंह के 39 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र सिंह थे। वह अरुणाचल प्रदेश में सीआरपीएफ में कुक थे। कुछ माह पहले उनका गया स्थित डीआईजी ऑफिस में डिप्टेशन हुआ था। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के धमवल गांव निवासी धनजी राम का 18 वर्षीय पुत्र मनीष राम और भिगराशन यादव का 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार शामिल है। जवान के रिश्तेदार प्रफुल कुमार पंकज ने बताया कि वीरेंद्र सिंह के बच्चे आरा में पढ़ता है। शुक्रवार को वह बच्चों से मुलाकात करने के लिए बाइक से आरा आए थे। उससे मिलने को बाद वह बाइक से शुक्रवार की रात वापस गांव लौट रहे थे। उस दौरान शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दूसरे बाइक पर सवार आदित्य कुमार एवं मनीष राम शाहपुर की ओर से आरा की ओर आ रहे थे। उसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय थाना पुलिस द्वारा तीनों को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा सीआरपीएफ जवान को मृत घोषित कर दिया गय। वहीं दूसरी बाइक पर सवार आदित्य कुमार और मनीष राम को इलाज के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से कटकर रिटायर्ड होमगार्ड जवान की मौत

**औरंगाबाद।** ट्रेन से कटकर एक बुर्जुग व्यक्ति की मौत हो गई। मामला फेसर रेलवे स्टेशन की हैं। जहां रेल्वे ट्रैक के किनारे खड़ा बुर्जुग अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। बुर्जुग की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के सैरावत गांव निवासी 65 वर्षीय गोपाल सिंह के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर , शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार गोपाल सिंह वर्ष 2015 में होमगार्ड से रिटायर्ड हुऐ थे और घर पर रह रहे थे। आज उनके बड़े लड़के की शहर के अहरी स्थित मकान की ढलाई थी जिसे वह देखने आए थे और इसके बाद वापास लौट कर अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में फेसर रेल्वे स्टेशन पर वह अपनी थैला को रखकर टहल रहे थे, तभी डाउन लाइन पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। मामले में फेसर थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है जिसमें जीआरपी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया कर परिजनों को सौंप दी हैं। वहीं मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### छात्र की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** आरा-बक्सर हाइवे पर गजराजगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की शाम सड़क हादसे में मैट्रिक के छात्र की मौत हो गयी। सामान खरीदने निकले छात्र को किसी वाहन ने रौंद डाला। मृत छात्र गजराजगंज थाना क्षेत्र के कुढ़वा टोला निवासी अशोक महतो का 15 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार था। उससे इसी साल उसने मैट्रिक का परीक्षा दी थी। उसके बड़े भाई उपेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर आकाश अपने दोस्त के साथ सामान खरीदने घर से निकला था। वापस घर लौटने के क्रम में सड़क पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### सिविल कोर्ट गेट के पास हुई गोलीबारी केस में रंजीत समेत अन्य की तलाश

# बुजुर्ग को गोली मारने वाला लाइनर गिरफ्तार

♦ नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिमी ओवरब्रिज और पुलिस लाइन के बीच पकड़ा गया लाइनर

**केटी न्यूज/आरा**

सिविल कोर्ट के गेट के सामने बेलाउर गांव निवासी गोपाल चौधरी को गोली मारने में पुलिस को पहली सफलता मिली लगी है। पुलिस द्वारा कांड के लाइनर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह गजराजगंज ओपी क्षेत्र के महुली गांव निवासी शत्रुघ्न मिश्रा का पुत्र आदित्य मिश्रा उर्फ मिठू उर्फ मोहन बाबा है। उसे शुक्रवार की रात नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिमी ओवर ब्रिज से पुलिस लाइन की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। उसने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है। घटना का कारण भी बताया है?। उसके अनुसार बेलाउर गांव निवासी रंजीत चौधरी और बूटन चौधरी गिरोह की वर्चस्व की लड़ाई में एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ?29 फरवरी की दोपहर कोर्ट गेट के सामने तारीख पर न्यायालय आये उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी गोपाल चौधरी को गोली मार दी गयी थी। उसे लेकर उनके पुत्र गौतम चौधरी की ओर से नवादा थाने में रंजीत चौधरी सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी घटना में शामिल सभी अपराधियों की पहचान की गयी थी। उनकी गिरफ्तारी को लेकर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के जरिए लगातार छापेमारी कर रही थी। उसी क्रम में शुक्रवार रात ओवरब्रिज से पुलिस लाइन की ओर जाने वाले रास्ते से कांड के लाइनर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। एसपी के अनुसार गिरफ्तार आदित्य मिश्रा ने बताया कि दो गुटों को बीच पूर्व से चली आ रही दुश्मनी में गोपाल चौधरी को गोली मारी गई थी। लाइनर के पास से दो मोबाइल मिले हैं। उससे कुछ अहम सुराग भी मिले हैं। उस आधार पर आगे की कार्रवाई और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, दारोगा सुबोध कुमार, डीआईयू के अफसर सहित थाने के अन्य जवान शामिल थे।



## हेरोइन की डिलेवरी करने पहुंचे तीन तस्कर गिरफ्तार

♦ जगदीशपुर वार्ड नंबर तीन राजा के पोखरा के पास पकड़े गए तस्कर
♦ तस्करों के पास से 13 पुड़िया हेरोइन और बाइक बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस टीम को फिर सफलता मिली है। जगदीशपुर पुलिस ने हेरोइन की डिलेवरी करने पहुंचे तीन तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को वार्ड नंबर स्थित राजा के पोखरा के पास पकड़ा गया। तस्करों के पास से 13 पुड़िया हेरोइन और एक बाइक बरामद की गयी है। तस्करों में राजा के पोखरा निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र सोनू कुमार, बलिराम यादव का पुत्र संतोष कुमार और जगदीशपुर गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र करण कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार की शाम सूचना मिली कि जगदीशपुर वार्ड नंबर में कुछ तस्करों की ओर से हेरोइन की डिलेवरी की जानी है। उसके लिए सोनू कुमार अपने दो साथियों के साथ पहुंचने वाला है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सूचना के सत्यापन, तस्करों की गिरफ्तारी और हेरोइन की बरामदगी को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष के अलावा प्रपुअनि सुधांशु कुमार और एएसआई रणधीर कुमार ने थाना क्रॉस मोबाइल के जवानों के साथ राजा के पोखरा के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब पुलिस को देख कर बाइक सवार तीन युवक भागने लगे, जिन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 13 पुड़िया हेरोइन बरामद की गयी। उसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि तीनों से हेरोइन तस्करी के पूरे रैकेट के बारे में पूछताछ की जा रही है। यह भी पता किया जा रहा है कि हेरोइन कहां से लाते हैं और किसे सप्लाई करनी है। बता दें कि पिछले दिनों नगर थाना क्षेत्र में भी हेरोइन तस्कर का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस द्वारा कुछ तस्करों को गिरफ्तार किया गया था।

# जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने किया पदभार ग्रहण

♦ छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने जिला स्तर पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय परिसर अवस्थित सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया तथा उनके कार्यालय/विभागों से संबंधित कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त किया। साथ ही पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ पूर्व की तरह कार्य करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि अभी आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न करना अनिवार्य है। समाहरणालय स्थित कार्यालय के निरीक्षण में कर्मियों से परिचय प्राप्त कर निदेश दिया कि संचिकाओं के रख-रखाव तथा कार्यालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 हेतु गठित कोषांगों को ऐक्टिव रखने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला अभिलेखागार कार्यालय, जिला पंचायत राज शाखा, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला राजस्व शाखा, जिला सामान्य शाखा, जिला विधि शाखा, जिला उर्दू भाषा कोषांग, जिला स्थापना शाखा, जिला नजारत शाखा, जिला कल्याण शाखा, जिला आपूर्ति शाखा, जिला भू-अर्जन शाखा इत्यादि का निरीक्षण किया।



## सोशल मीडिया पर महिला की आपत्तिजनक तस्वीर वायरल करने वाला फरार आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

सोशल मीडिया पर एक महिला का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले आरोपित को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मदनपुर प्रखंड के ईशापुर गांव का रहने वाला है। वहीं उसके पास से एक फोन व दो सिमकार्ड बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी डॉ अनु कुमारी ने बताया कि महिला का आपत्तिजनक तस्वीर वायरल करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जो महिला का चचेरा देवर है। वैसे महिला ज़िला मुख्यालय में ही रहती है। पूर्व में भी उक्त युवक द्वारा महिला का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। हालांकि उस दौरान महिला द्वारा आग्रह किये जाने पर युवक ने फोटो को डिलीट कर दिया था, लेकिन कुछ दिन बाद पुनः युवक महिला का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा। लोगों द्वारा समझाने बुझाने के बाद भी वह नही माना। इसके बाद महिला ने सात फरवरी को उक्त युवक के खिलाफ साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले में साइबर थाना की पुलिस ने मामला दर्ज की जिसमें डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गिरफ्तारी के भय से युवक फरार चल रहा था। पता चला कि उक्त महिला के घर पर शादी समारोह की तैयारी चल रही थी। उस समय आरोपित युवक के घर पर होने की सूचना मिली। सूचना पर साइबर थाना की पुलिस ने आरोपित युवक को घर से गिरफ्तार किया। आरोपित ने अपनी अपराध को स्वीकारा किया है। पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई करते हुए युवक को जेल भेज दिया। इस टीम में एसआई अशोक कुमार, मानसी भारती, घनश्याम दुबे, अजित कुमार, डीआईयू व साइबर थाना की टेक्निकल टीम शामिल थी।

## शिव मंदिर से चोरी गये सामानों के साथ चोर गिरफ्तार, अन्य कांडों में भी था वांछित

♦ कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव स्थित शिव मंदिर से गुरुवार की रात हुई थी चोरी

**केटी न्यूज/आरा**

कृष्णगढ़ थाने की पुलिस द्वारा बड़हरा क्षेत्र के एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। उसे शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव स्थित शिव मंदिर में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सिन्हा थाना क्षेत्र के कुदरियां गांव निवासी नारायण महतो का पुत्र नीतीश कुमार है। उसके पास से मंदिर से चोरी गया डीजे बॉक्स, एक एम्प्लीफायर, एक मिक्सर मशीन और हेक्सा ब्लेड (लोहा काटने वाला ब्लेड) भी बरामद किया गया है। नीतीश कुमार की सिन्हा और बड़हरा थाना क्षेत्र की चोरी की अन्य घटनाओं में भी तलाश थी। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। चोर मंदिर के दान पेटी से पैसे के अलावा डीजे बॉक्स, एम्प्लीफायर और मिक्सर मशीन सहित अन्य सामान ले भागे थे। उसे लेकर पुजारी की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। चोरी गये सामानों की बरामदगी और चोर की गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। उसमें एएसआई रमेश कुमार और पीटीसी संदीप चंदेला सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को कुदरिया बांध के समीप गेहूं के खेत से चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी के सामान भी बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार चोर पहले के कुछ केस में भी वांछित था। उसके खिलाफ सिन्हा और बड़हरा थाने में चोरी के तीन केस दर्ज है।






## खबरें फटाफट

### आगलगी से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक

चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के पूरा गणेश गांव में पंधारी चौधरी पुत्र मिठाईलाल चौधरी के रिहायशी झोपड़ी में शनिवार की दोपहर में आग लगने से पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।
आग की लपटें और धुआं को देख घर के लोगों ने शोर मचाया । ग्रामीण इकट्ठा हो उसमें बधी गाय, भैंस को किसी तरह बाहर निकाला। हालांकि परिवार में रह रही एक महिला और चार बच्चियों को कोई नुकसान नहीं पहुंच पाया। घर में खाने के लिए रखे गेहूं, चावल जैसे सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। शाम को खाने ले लिए कुछ नहीं बचा। पंधारि एक मजदूर आदमी है दिन भर मेहनत मजदूरी करता है और अपने परिवार का भरण,पोषण करता है।ग्रामीणों का यह भी कहना है की हम लोग प्रशासन को फोन किए लेकिन उधर से कुछ जवाब नही मिला न कोई आया। पड़ोस के लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद किसी प्रकार से आग पर काबू पाया।

### एलईडी वैन सुझाव पेटिका के साथ अनौनी पहुंची

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान में एलईडी वैन सुझाव पेटिका के साथ शनिवार को खानपुर थाने के अनौनी बाजार पहुंची। क्षेत्र भर के साभ्रांत लोगों ने राष्ट्रहित, समाज हित एवं विकसित भारत के कार्य योजनाओं के लिए अपने -अपने सुझाव पत्र पेटिका में डाला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा राजनीतिक दल है जिसके कार्यकर्ता देश हित, समाज हित, राष्ट्रीय नवनिर्माण के प्रति समर्पित होकर कार्य करते है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त कार्य भारतीय जनता पार्टी सरकार की विशेष उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 वर्षों के आधार भूत ढांचे के विभिन्न विकास परक कार्यों के परिणाम तथा जनता के विश्वास के बल पर आज देश विकसित भारत सपने को पूर्ण करने का संकल्प ले रहा है।
इस अवसर पर जिला मंत्री संतोष चौहान .लाल बहादुर यादव .श्याम कुंवर मौर्या .संजीव पांडेय. अचल सिंह, तेज बहादुर सिंह, .विशाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंदौली को 743 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

# चंदौली में मॉडल कोर्ट का कराएंगे निर्माण: योगी

**केटी न्यूज/चंदौली**





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को चंदौली में रहे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के शंखनाद के ठीक पहले जनपद चंदौली को 743 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। साथ ही लोगों को मेडिकल कालेज चंदौली की बधाई दी। कहा कि इससे जनपद के साथ बिहार प्रांत के लोग भी लाभान्वित होंगे। साथ ही उन्होंने हाईकोर्ट से बातचीत कर चंदौली में मॉडल कोर्ट के निर्माण का भरोसा दिया।

उन्होंने कहा कि चंदौली प्रकृति व परमात्मा की पावन धरा है। जहां बाबा कीनाराम ने बिना भेदभाव के लोककल्याण किया। भाजपा सरकार ने चंदौली को मेडिकल कालेज समर्पित कर बाबा कीनाराम के लोक कल्याण की परांपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। अब चंदौली के बाद खुद का पुलिस लाइन होगा और यहां की सुरक्षा व्यवस्था पहले से बेहतर होगी। कहा कि आकांक्षी जिला चंदौली को मोदी की गारंटी का आश्वासन देने और यहां के लोगों से संवाद स्थापित करने आया हूं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में देश विश्व की सबसे मजबूत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी मजबूत व्यवस्था बनकर उभरेगा। कहा कि 2014 से पहले के 10 वर्षों में घोटाले, अराजकता, नक्सलवाद, उग्रवाद का बोलबाला रहा। लेकिन पीएम मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में नए भारत सृजन हुआ है। सुरक्षा, संस्कृति व उद्योग के मामले में देश की तरक्की हुई है। भाजपा सरकार ने विरासत को विकास से जोड़ने का काम किया। आह्वान किया कि आकांक्षी जिला चंदौली में एक बार फिर कमल का फूल खिलाएं, ताकि जनपद को नई पहचान दी जा सके। इसके बाद उन्होंने जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उन्हें स्वीकृति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, संस्कृति व उद्योग के मामले में देश की तरक्की हुई है। भाजपा सरकार ने विरासत को विकास से जोड़ा है। आह्वान किया कि आकांक्षी जिला चंदौली में एक बार फिर कमल का फूल खिलाएं, ताकि जनपद को नई पहचान दी जा सके। इसके बाद उन्होंने जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उन्हें स्वीकृति पत्र सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक और प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस दौरान चंदौली के सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गौड़, राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, साधना सिंह, विधायक सुशील सिंह, रमेश जायसवाल कैलाश आचार्य, जिलाध्यक्ष काशी नाथ सिंह सहित बीजेपी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं नरायनपुर जीर्णोद्धार/क्षमता वृद्धि, नवीन 'ममता' राजकीय मानसिक मंदित विद्यालय में आवासीय निर्माण, तहसील नौगढ़ के अनावसीय भवनों का निर्माण, नियमताबाद ब्लॉक के अंतर्गत गंगा नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम कुण्डाकला, कुण्डाखुर्द मौजा सुल्तानीपुर व कुण्डाकला पम्प कैनाल के कटान को रोकने हेतु जियो टेक्ट्स टाइल ट्यूब कटर का निर्माण पुलिस लाइन में आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण, सूजाबाद में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, पूर्व मध्य रेलवे के कुछमन सकलडीहा रेलवे स्टेशन के मध्य चंदौली-सकलडीहा-सैदपुर रोड राज्य मार्ग 69 पर पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण, हिन्गुतर नादी रामगढ़ गुरेरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर,जिला प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड राज्यसभा सांसद साधना सिंह, दर्शना सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन से बरामद हुए साढ़े 11लाख रुपये



**केटी न्यूज/चंदौली**

राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने पीडीडीयू जंक्शन से 11.50 लाख रुपए नकद बरामद किया। बिहार निवासी मां बेटे रुपए जयपुर से बिहार ले जा रहे थे। जीआरपी ने रुपए और आरोपी को इनकम टैक्स के हवाले कर दिया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया और ट्रेनों में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए लगातार गस्त किया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व ने संयुक्त टीम जांच पड़ताल कर रही थी। इसी बीच प्लेटफार्म संख्या एक पर महिला और पुरुष संदिग्ध हाल में दिखे। उनके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें नोटों की गड्डिया मिली। इसका कोई कागजात नहीं दिखा सके। दोनों ने अपना नाम क्रमशः सुरेन्द्र कुमार निवासी जमुहार थाना मोहनपुर जिला गया बिहार और चमेली देवी निवासी जमुहार थाना मोहनपुर जिला गया बिहार बताया कि दोनों मां बेटे है। नोटों की गिनती करने पर 11.50 लाख रुपए मिले। नोटों के बारे बताया कि यह रुपये मैने अपने साले बृजेश कुमार से लिये है, जो जयपुर में सिलाई का ठेकेदार है। रुपये लेकर अपना मकान बनवाने के लिए अपने घर बिहार जा रहे हैं।जीआरपी निरीक्षक ने बताया कि जिस तरह से नोटों कि गड्डियां बंधी है और रुपयों से संबंधित कागजात नहीं मिले हैं इससे रुपए हवाला के लग रहे हैं। इसकी सूचना आयकर विभाग वाराणसी को दी गई। वाराणसी से आई टीम को रुपए और आरोपी मां बेटे हवाले कर दिया गया है।

## परिवहन मंत्री ने 300 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

- प्रदेश के हर गांव में रोडवेज की जाएंगी बसें
- परिवहन मंत्री ने कहा बलिया में बनेगा अंतर्राज्यीय बस अड्डा
- बलिया में बनेगा दूसरा ऑटोमैटिक ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर

**केटी न्यूज/बलिया**



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग तीन सौ करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। बलिया मुख्यालय पर बनने वाले आधुनिक बस अड्डे के साथ उजियार घाट पर भी बस अड्डा एवं लोक निर्माण विभाग की 72.86 करोड़ की लागत से बनने वाली कुल 80 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें टेकार बन्धे से मुक्तिधाम मार्ग व जमुआ रिंग बन्धा से धरीक्षण दास की कुटिया मार्ग पर पुलिया भी शामिल है। नगर विकास विभाग की भी 17.60 करोड़ के 65 कार्यों का शिलान्यास तथा 6.38 करोड की 32 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया नगर की जनता ने मुझे पांच साल दिया है। इन पांच वर्षों में हर वह काम करके दिखाऊंगा, जो चुनाव से पहले वादा किया था। हर घर शुद्ध पेयजल की सप्लाई होगी। उन्होंने कहा कि चुनावे वादे के लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं।

**हर गांव में जाएगी रोजवेज बस:** परिवहन मंत्री ने कहा, हमारी योजना है कि प्रदेश के हर गांव में रोडवेज की बसें जाएंगी। जिस गांव से बस चलेगी, उसी गांव के ड्राईवर-कंटक्टर उस पर तैनात होंगे, जो प्रतिदिन गांव से मुख्यालय पर आने के बाद वापस अपने गांव चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोडवेज के 1600 नये रूट चिन्हित किये गये हैं, जहां 25 हजार नई बसें चलाई जाएंगी। दस हजार बसों की खरीद हो गयी है, जो जल्द ही बन कर तैयार होकर रूट पर होंगी।

**मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग में ऊपरी तल होगा मॉल:** परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जब बलिया आए थे तो मुझसे कहा था कि यहां आधुनिक बस अड्डा होना चाहिए। उनके निर्देश के अनुपालन में आज 48 करोड़ की लागत से बनने की शुरुआत हो गई। यह मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग होगी। जिसमें ऊपरी तल व्यावसायिक होगी। इसकी खूबसूरती देखने लायक होगी। उजियार से कभी कई प्रदेशों में बसें जाती थीं। काफी दिनों से वह बंद पड़ा था, जिसे पांच करोड़ की लागत से निर्माण शुरू कराया जाएगा। वहां एक अतिथि गृह भी बनेगा। पीपीपी मॉडल पर रसड़ा व बेलथरारोड बस अड्डा को भी सुंदर बनाया जाएगा, जिसमें ऊपरी तल मॉल के रूप में होगा।

**बलिया में बनेगा आईएसबीटी:** परिवहन मंत्री ने कहा कि अंतर्राज्यीय बस अड्डा भी बनाया जाएगा। जिसके लिये जिलाधिकारी ने जमीन देने की सहमति दे दी है। इसके बनने के बाद कई प्रांतों से बसें बलिया आएगी। इसके अलावा रायबरेली के बाद दूसरा ऑटोमैटिक ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर बलिया में बनेगा। बहुत जल्द इसकी भी शुरूआत होगी। इससे ड्राइवर पूर्ण रूप से ट्रेंड होंगे, उन्हें रोजगार मिलेगा और दुर्घटनाओं पर भी विराम लगेगा। उन्होंने कहा कि बलिया में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क के क्षेत्र में तमाम विकास कार्य हुए। जनपद में फोर-लेन सड़क चारों तरफ होगी।

**बलिया को मिलेगी रोडवेज की सभी बेहतर सुविधाएं:** उप्र परिवहन विभाग के एमडी मासूम अली सरवर ने कहा कि परिवहन मंत्री का बलिया के विकास पर विशेष फोकस है। प्रदेश का अंतिम जिला होने के नाते यहां रोडवेज की हर सुविधा पहुंचाने पर हम सबका ध्यान रहेगा। एमडी ने कहा कि यहां बस स्टैंड ऐसा बन रहा है जो प्रदेश में कम ही जगहों पर होगा। इससे यहाँ के किसानों, व्यापारियों व पूरे जनपदवासियों को लाभ मिलेगा। वीरों की इस ऐतिहासिक धरती पर यह आधुनिक बस अड्डा विकास की नई गाथा लिखेगा।

**बलिया की पहचान होगा यह बस अड्डा:** डीएम रवींद्र कुमार ने कहा कि यहां बनने वाला मॉडल बस स्टेशन निश्चित रूप से इस जनपद की पहचान बनेगी। इसके लिए परिवहन मंत्री जनपद की ओर से बधाई के पात्र हैं। हम सबका प्रयास है कि बलिया हर आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हो जाए। वाहन ट्रेनिंग सेंटर भी बनाने के लिए भी कार्यवाही जारी है। जल्द ही ज़िले में एक बाढ़ स्थल बनेगा, जहां बाढ़ के समय विस्थापित काफी लोग एक साथ रह सकेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, नपा अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।

## आधी अधूरी नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/ चंदौली**



चंदौली से तीरगांवा तक हाइवे निर्माण के दौरान चक गुरेरा में आधे अधूरे निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि नाली निर्माण आबादी वाले क्षेत्र में ही समाप्त कर दिया गया है जहां नाली से निकलने वाली गंदगी गांव में ही रह जायेगी। चेतावनी दी कि यदि नाली पूर्ण नही की गई तो ग्रामीण धरना को बाध्य होंगे। चन्दौली से तिरगांवा तक हाइवे का निर्माण हो रहा है। जो मुख्य मार्ग पर कस्बा, बाजारों, आबादी वाले गांवो में नाली का निर्माण कराया जा रहा है। चक गुरेरा गांव में नाली निर्माण आधा अधूरा ही कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान मालती देवी व प्रधानपति राजेश गुप्ता का कहना है कि मुख्य मार्ग नाली निर्माण तो कराया जा रहा है किन्तु इसे आधा अधूरा वही छोड़ा जा रहा है जहां गांव में जाने वाले मार्ग व आबादी का क्षेत्र है । नाली से निकलने वाला गन्दा पानी व गंदगी से एक तो ग्रामीणों को गांव में आने जाने के लिए परेशानी होगी ऊपर से वही गांव के लोगो का पशु भी बांधा जाता है। गंदगी से ग्रामीणों व पशुओं में बीमारी फैलने का डर रहेगा।नाली को यदि और आगे नहीं बढ़ाया गया तो ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में धरना को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में सचिन गुप्ता, सुरेश यादव, पंकज पाण्डेय, गणेश गुप्ता, काशी नाथ यादव, उमेश गुप्ता, गोबिंद यादव, रमा यादव, श्याम नारायण यादव, नरसिंह यादव, रामजी यादव, अरबिंद यादव, भोला यादव आदि उपस्थित थे ।

## लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज जरूरी : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/ बलिया**

उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की दोपहर जनपद स्तरीय प्रदर्शन रैली सिविल लाइन स्थित कृषि भवन से निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कृषि भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड शो में जनपद के 525 कृषकों ने प्रतिभाग कर मोटे अनाज की खेती अधिक से अधिक करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। डीएम ने कहा कि आज मोटा अनाज लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी हो गया है। मोटे अनाज की पैदावार के मामले में बलिया की अग्रणी भूमिका रही है। इस उत्पादकता को और बढ़ाया जाए तो बेहतर स्वास्थ्य के साथ आर्थिक उन्नति भी की जा सकती है। बताया कि जिले में मोटे अनाज की खरीद के लिए क्रय केंद्र भी उपलब्ध है। यह मिलेट्स रोड–शो कृषि भवन से टीडी कॉलेज चौराहा, मिड्ढी चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा होते हुए वापस कृषि भवन पर आकर समाप्त हुआ। रोड शो में भाजपा किसान मोर्चा जनपद बलिया के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह व किसान नेता संतोष सिंह एवं जनपद के समस्त विकास खंडों के कृषक व जन प्रतिनिधियों ने श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभाग किया। मनीष कुमार सिंह ने रैली में शामिल होने के लिए सभी किसानों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय सृजनोत्सव

## संस्कृति कला एवं नवाचार प्रदर्शनी में डेजी शर्मा रही प्रथम स्थान पर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर ब्लाक के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सैदपुर में आयोजित जिला स्तरीय सृजनोत्सव, संस्कृति कला एवं नवाचार प्रदर्शनी में डेजी शर्मा प्रथम, कृष्णानंद द्वितीय एवं सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपने विद्यालय एवं ब्लाक का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी मिलते ही सम्बन्धित विद्यालयों के अध्यापकों में खुशी की लहर दौड पड़ी, विजेता प्रतिभागी अध्यापकों को उपनिदेशक-डायट प्राचार्य उदयभान ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार विजेता अध्यापकों का शनिवार को रमवल प्राथमिक विद्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया।जिसमें बीईओ अशोक कुमार गौतम ने तीनों शिक्षकों को माला फूल पहना व स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। बीईओ ने कहा कि हमें उम्मीद है कि तीनों शिक्षक भविष्य में भी अपनी प्रतिभा के दम पर महकमें का नाम रौशन करेंगे। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सोनवल पर तैनात प्रभारी अध्यापक डेजी शर्मा को टीएलएम, विशेष नवाचार कार्य के लिए जिले में प्रथम स्थान मिला है। जबकि रमवल प्राथमिक विद्यालय पर तैनात सहायक अध्यापक कृष्णानंद एवं कम्पोजिट विद्यालय सोनवल में अनुदेशक के पद पर तैनात सुनिता को कला के क्षेत्र में पूरे जिले में क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान मिला है। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि इसके पहले भी डेजी शर्मा एवं कृष्णानंद महकमें की ओर से आयोजित प्रदर्शनी व प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार जीत चुके है। उन्होंने कहा कि कला शिक्षण क्षेत्र में रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का पोषण करती है। बीईओ ने कहा कि कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से ही छात्रों को लीक से हटकर सोचने, नए विचारों का पता लगाने और खुद को अनूठे तरीकों से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कहा कि ये कौशल न केवल कलात्मक प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी काम आते हैं। इस अवसर पर ए आर पी संत कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, शीला, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



# सरकारी बिल्डिंगों को जगमग कर रहे सोलर सिस्टम, बिजली बिल की नो टेंशन

- केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश पर स्मार्ट सिटी में लगाए गए प्रोजेक्ट
- 17 सरकारी बिल्डिंगों में एक करोड़ की लागत से लगाए गए सोलर रूफटॉप

**केटी न्यूज/बरेली**



योगी सरकार अयोध्या की तर्ज पर बरेली के 17 सरकारी कार्यालयों को सौर ऊर्जा से रोशन कर रही है। इन विभागों का बिजली बिल कम हुआ है। इसके लिए अब बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी 17 विभागों के बिलों का आंकलन करने में लगे हैं। अभी तक जो रिपोर्ट सामने आई है उसके मुताबिक तमाम कार्यालयों के बिजली बिल काफी कम हो गए हैं। किस विभाग की टेंशन बिजली बिल को लेकर कितनी कम हुई इसकी रिपोर्ट तैयार हो रही है।

प्रदेश में अयोध्या को पहले ही सोलर सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली को भी इसी तर्ज पर डेवलप किया। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में सोलर ट्री से स्ट्रीट लाइटें जगमग की गई। पार्किंग व पर्यटन स्थल, बस व रेलवे स्टेशन भी सौर ऊर्जा से जगमग हुए। मुख्य मार्ग, शौचालय, नगर निगम समेत अन्य 17 विभागों के दफ्तर सौर ऊर्जा से जगमग किए। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नगर निगम, कलक्ट्रेट और कमिश्नरी में सोलर ट्री बनाकर पहले से ही सोलर लाइटें लगाई गई। उद्देश्य यह भी था कि नगर निगम समेत अन्य विभागों का बिजली खर्च भी बचाया जाए।

**150 से 600 किलोवाट तक के पैनल लगेंगे :** प्रोजेक्ट के तहत 150 से 600 किलोवॉट तक के पैनल लगाए। इन पैनलों को बिजली विभाग की ओर से तैयार किए गए सबस्टेशनों से जोड़ा। वहां से बिजली ग्रिड को पहुंचाई जाएगी। ग्रिड से वही बिजली वापस शहर की स्ट्रीट लाइटों को दी गई। इससे सरकारी विभागों के बिजली बिल कम हो गए।

## एक नजर

### अनुशासन ही करियर और जीवन में आगे बढ़ने का है मूल मंत्र: प्रो. वंदना सिंह

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में फ्रेशर्स ओरिएण्टशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें एम.



बी.ए, एग्रीबिजनेस, ई-कॉमर्स एवं बी. बी.ए के नवीन छात्रों को विश्वविद्यालय में स्वागत किया गया एवं उन्हें विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई । उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह के कहा कि प्रबंधन विद्यार्थियों को अपने करियर और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन ही मूल मन्त्र है। किसी भी संस्थान की उद्देश्य पूरे करने के लिए निरंतर प्रयास एवं दृढ इच्छा से ही प्रबंधन के छात्रों अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते है ' कुलपति ने एलान किया कि आगामी सत्र में विश्वविद्यालय में एग्री बिजनेस से जुडी वोकेशनल पाठ्यक्रम, उद्योग जगत से गठबंधन एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कि व्यवस्था की जाएगी, जिससे छात्रों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में छात्रों को उनके मूल्य एवं संस्कार ही आगे बढ़ाएंगे। सीनियर्स और जूनियर्स से अच्छे सम्बन्ध बना कर रखना चाहिए जिससे आगे चलकर उनके करियर में भी मददगार होगी। छात्रों ने कुलपति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ' संचालन समन परवीन ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद अब्बास ने किया ' इस अवसर पर आकाश मिश्रा, अमीर आलम, शिवम सिंह,अनीस, अदिति, फैजान, आदित्य सिंह,सुभांग मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

### खेल-कूद, दौड़, कविता, गीत ,गायन की हुई प्रतियोगिता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन सत्र में



प्राथमिक विद्यालय जासोपुर ,करंजाकलां, जौनपुर विद्यालय में मनाया गया जिसमे विद्यालय में खेल-कूद ,दौड़ और कविता ,गीत ,गायन अन्य तमाम गतिविधियां कराकर प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक आशा मौर्या,वर्तिका यादव,प्रियंका मिश्रा,विजयलक्ष्मी, आदि के द्वारा प्रदान किया गया कार्यक्रम में प्रियांशी मौर्या,रानी सिंह, संस्कृती यादव ,आनंद सिंह,सचिन यादव,रवीन्द्र प्रजापति, अभिनव कीर्ति पांडेय, उत्कर्ष मिश्रा, अभिषेक यादव,विकास ,चंदन यादव ,प्रमन चौरसिया,प्रभात तिवारी,सचिन सिंह यादव, फरहान अख्तर, आदि को विभिन्न दिवस में उत्तम कार्य के टीम मैनेजर के रूप में सम्मानित किया गया ' संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय कार्यक्रम अधिकारियों डॉ शशिकांत यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ' कार्यक्रम में डॉ.विनय वर्मा डॉ विशाल यादव, डॉ. अजय कुमार मौर्य ,घनश्याम यादव, प्रिया प्रजापति, विशाल प्रजापति, चंदन यादव, सुरजीत प्रजापति, गौरव मौर्य,अभिषेक यादव उपस्थित रहे ।

## खबरें फटाफट

### सपा महिला सम्मेलन में उठा दुष्कर्म हत्या का मामला

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा के सम्मेलन में बूथ, सेक्टर अध्यक्ष बूथ प्रभारी समेत सपा महिला सभा की बड़ी तादात में कार्यकर्ता मौजूद रही। पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर आयोजित सम्मेलन में मुख्या अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव शामिल थी। इस मौके पर महिला सभा की नवमनोनीत प्रदेश सचिव नीता सिंह माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने महिला कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सपा सरकारों में महिलाओं के उत्थान के लिए 102, 108, 1090 जैसी आपातकालीन सुविधाएं संचालित की गई थीं। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, कन्या विद्याधन जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया था कि नारी शक्ति का हित सिर्फ सपा सरकार में ही सुरक्षित है, साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लूट, अपहरण, दुष्कर्म, हत्या जैसे जघन्य अपराध महिलाओं के साथ हो रहे है। थानों में प्राथमिकी की दर्ज नहीं हो पा रही है इन सब पर अंकुश लगाने के लिये हम सब को एकजुट होकर काम करना होगा और समाजवादी पार्टी एव अखिलेश यादव जी के हाथो को मजबूती देनी होगी तभी उत्तर प्रदेश तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर पहुंचेगा।

### टोटो पलटने से छह दर्शनार्थी घायल

**सोनभद्र।** घोरावल कोतवाली क्षेत्र के सतद्वारी में शनिवार की दोपहर में तीन पहिया वाली बैटरी गाड़ी (टोटो) पलट जाने से उसमें सवार छह दर्शनार्थी घायल हो गए। सभी शिवद्वार मंदिर दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। जिनमें से किशोरी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों मे बेबी (35) व उसकी पुत्री मुस्कान (14), कुमारी अंजनी (17), कुसुम देवी (30), कुसुम का लड़का प्रतीक (6) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## उप्र के मुख्यमंत्री ने जौनपुर को दी 900 करोड़ की 256 परियोजनाओं की सौगात

# बोले सीएम योगी... जौनपुर की धरती परिश्रम और पुरुषार्थियों की धरती है

- महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण के पश्चात लाभार्थी सम्मेलन को किया संबोधित

**केटी न्यूज/जौनपुर**






सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जौनपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। तत्पश्चात वह सीधे बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचे। जहां उन्होंने एक लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित किया। मंच से उन्होंने छात्र-छात्राओं को लैपटॉप मोबाइल वही प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित लोगों को घर की चाबियां, किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दिया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। तथा उन्होंने मंच से बटन दबाकर जिले की लगभग 900 करोड़ की 256 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इससे पूर्व मंच पर उपस्थित तमाम नेताओं और जन प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत और सम्मान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी मैं नगर पालिका परिषद के चुनाव में आया था और आप लोगों ने जीत दर्ज करा कर जौनपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाया। मोदी जी की गारंटी ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। यह नए भारत का निर्माण हो रहा है।

मैं वीरों की इस धरती पर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। पूर्व की सरकारों में जय श्री राम का नारा लगाने पर लाठियां बरसाई जाती थी। और हम लोग अब जय श्री राम का नारा लगाने वालों को भगवान श्री राम का दर्शन करा रहे हैं। आज मोदी जी की डबल इंजन की सरकार के कारण भारत में एक बार फिर से रामराज की स्थापना हुई और विराट विशाल भव्य राम मंदिर बनाकर अयोध्या में तैयार हुआ है। वहीं दूसरी तरफ काशी में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाकर लोगों को दर्शन करने का काम हम कर रहे हैं। वहीं पूर्ववर्ती सरकार ने लगातार राम भक्तों पर गोलियां बरसाने का काम किया है। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं का भी जिक्र किया और कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटी को खाना स्वीकार किया लेकिन कभी भी विदेशी आक्रांताओं के सामने फिरंगियों के सामने घुटने नहीं टेके।

और उन्होंने उनसे लड़ते हुए अपने तमाम राज्यों को भी वापस लाकर भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कहीं भी किसी को खिलवाड़ करने का हक नहीं है। जो भी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा उसे उसकी भरपाई करनी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल योजना के तहत तमाम ऐसी बच्चों को जिनके माता-पिता कोविद काल में नहीं रहे उनको पढ़ने लिखने की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। और इसके लिए अलग से विद्यालय भी खोले जा रहे हैं। जौनपुर में मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय का सपना था जो आज हकीकत बन चुका है और बेहतर ढंग से काम भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जौनपुर की धरती परिश्रम और पुरुषार्थियों की धरती है यहां आदि गंगा गोमती का आशीर्वाद सबको मिलता रहता है। लोगों ने अपने परिश्रम से जौनपुर को पहचान दिलाई है। यहां की इत्र और इमरती भी पूरे देश में विश्व प्रसिद्ध है। यहां के लोगों ने अपनी प्रतिभा के बल से पूरे देश में लोहा बनवाया है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो, चाहे वह वैज्ञानिक क्षेत्र में हो वह किसी भी क्षेत्र में हो यहां के लोगों ने अपने परिश्रम के बल पर पूरे देश में पूरे विश्व में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने जौनपुर के लोकसभा प्रत्याशी के लिए भी लोगों से एक बार फिर कमल खिलाने की अपील किया उन्होंने कहा, कि यदि कमल खिलेगा तो लक्ष्मी की वर्षा होगी और जौनपुर में काफी विकास किया जाएगा जैसे पूर्व में आपने हमारे हाथ को मजबूत किया है।उसी तरह इस बार भी आप यहां से कमल का फूल खिलाकर जीत सुनिश्चित करें।जिससे कि जौनपुर का विकास तेजी से किया जा सके। विपक्षियों पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि जहां लोग भगवान के जलाअभिषेक के लिए भी रोक लगाते थे वही आज हम उन लोगों पर पुष्प वर्षा करवाते हैं। और उनके सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को मिल रहा है। अब हमारा एक ही संकल्प होना चाहिए 2024 एक बार फिर मोदी जी की सरकार के लिए घर-घर कमल खिलाना होगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि लोग सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं।वह परिवारवाद से उबर नहीं पाते। सिर्फ अपने परिवार के बारे में ही सोचते हैं।

## आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में पहचानी जाएंगी सेमीकंडक्टर यूनिट

**केटी न्यूज/लखनऊ**



देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में योगी सरकार महत्वपूर्ण काम कर रही है। प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन देगी, बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वगीकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम होगा।

इसके अतिरिक्त, पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके। इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है।




## रानीपुर एवं राजीव गांधी महिला पी.जी. कालेज में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ कार्यक्रम, बोले वक्ता

# शिक्षा और कला के जरिए समाज को नई दिशा दे रही हैं नारी

**केटी न्यूज/मऊ**




नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर नारी शक्ति फिटनेस दौड़ कार्यक्रम का आयोजन रानीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पलिगढ़ में पलिगढ़ चट्टी से पलिगढ़ जूनियर हाई स्कूल 500 मीटर बालिका दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी बंदना गौतम प्रशिक्षक ने दिखाकर रवाना किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान सलोनी यादव तथा तृतीय स्थान बिंदु पाल ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर प्रभुनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक देश की नारी शक्ति सशक्त नहीं होगी तब तक राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। श्रीमती विमला ने कहा कि आज महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं अंतरिक्ष से लेकर फाइटर जेट विमान और देश की सरहद पर रक्षा में भी हिस्सा ले रहीं हैं। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा कि नारी अपने शिक्षा और कला के जरिए समाज को नई दिशा देने का भी कार्य कर रही हैं इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अर्जुन प्रजापति, विमल यादव, झांती देनी, सुनीता आदि लोग का सहयोग रहा। इसके अलावा माई भारत विकसित भारत नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन राजीव गांधी महिला पीजी कॉलेज परदहा मे किया गया। जिसमें कॉलेज के विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नारी शक्ति फिटनेस दौड़ को कॉलेज की रुकईया मैम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ मे कुमारी पिंकी प्रथम, प्रतिभांजलि द्वितीय एवं कविता चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरित ऊषा मैम, श्रद्धा मैम, प्राचार्या डॉ हुमा मैम एवं सोनू सर आदि द्वारा किया गया। ततपश्चात अवनीश पांडेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

संपादकीय

बक्सर, 10 मार्च 2024

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## सुभाषितम्

फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है।

- गीता

# कांग्रेस मुक्त भारत करते-करते भाजपा का कांग्रेसमय हो जाना

राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता। आज जो सरकार में हैं कल उन्हें विपक्ष में भी बैठना पड़ सकता है और जो सरकार बनाने की सोच तक नहीं रखते उन्हें जनता-जनार्दन सत्ता की बागडोर सौंप शासन करने का हुक्म सुना देती है। बहरहाल यहां हम जनता के फैसले की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के बीच वर्तमान में जो घट रहा है, यहां उस पर मंथन करने और नतीजा निकालने का प्रयास किया गया है। दरअसल वर्तमान में ऐसे सियासी हादसे नजरों के सामने से गुजरे हैं, जिन्हें देखकर लगता ही नहीं है कि अब राजनीतिक दलों के अपने कोई सिद्धांत भी काम कर रहे हैं और उनकी अपनी कोई सुचिता भी बची हुई है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि जिन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत की शपथ ली वही अपनी पार्टी को कांग्रेसमय करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2013 में जब लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की अभियान समिति के प्रमुख बनाए गए तो उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत का आह्वान कर तमाम सोये हुए नेताओं को जगा दिया था। इस कथित युद्धघोष ने भाजपा कार्यकताओं को सत्ता पर काबिज होने का मंत्र दे दिया था। इसके साथ ही भाजपा ने जहां लोकसभा चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर सरकार बनाने में सफलता अर्जित की वहीं राज्य दर राज्य कांग्रेस को उखाड़ फेंकने में भी वह कामयाब होती दिखी है। भाजपा की इस मुहिम में कौन कितना सहभागी बना यह भी अलग बात है, क्योंकि इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप के जो अलग-अलग दौर चले हैं, उसमें भी सच्चाई तलाशने और किसी परिणाम तक पहुंचने में खासा समय लग सकता है। वैसे कहा यही जाता है और काफी हद तक सही भी यही है कि जहां आग होती है वहीं धुंआ उठता है। कांग्रेस मुक्त भारत की मुहिम बहुत तेजी से चली लेकिन कब यह कांग्रेसमय भाजपा में तब्दील हो गई, खुद पार्टी नेताओं को इसका एहसास तक नहीं हुआ। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या भाजपा सचमुच कांग्रेस मुक्त भारत चाहती है या खुद को कांग्रेस जैसा बनाने में लगी हुई है। ऐसा इसलिए भी कह सकते हैं, क्योंकि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में अल्पसंख्यकों के साथ तुष्टिकरण का जो खेल खेला उसने उन्हें रसातल पर पहुंचा दिया है, जैसा कि भाजपा दावा भी करती है। इसी तर्ज पर पिछले एक दशक से भाजपा ने बहुसंख्यक तुष्टिकरण का खेल खेलना शुरू कर दिया है। इसका परिणाम भी अब साफ देखने को मिलने लगा है। कांग्रेस की रणनीति जम गई इसलिए भाजपा नेतृत्व आंख बंद कर कांग्रेस के कथित कद्दावर नेताओं से लेकर छोटे-मोटे कार्यकताओं को भी पार्टी में एंट्री करवाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। इस मुहिम में यह भी नहीं देखा जा रहा है कि भाजपा में जिन कांग्रेस नेताओं को शामिल किया जा रहा है वो खुद अपने क्षेत्र में कितना प्रभाव रखते हैं। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि ये अवसरवादी दल-बदलु नेता यदि इतना ही प्रभाव रखते तो क्या वो खुद अपने दम पर चुनाव जीतकर विधानसभा या लोकसभा तक नहीं पहुंच गए होते। इनका अपना राजनीतिक केरियर पहले ही समाप्त प्रायः हो गया है और येन-केन-प्रकारेण ये खुद को नेता साबित करने में जोड़-तोड़ कर रहे हैं। अब चूंकि कांग्रेस नेतृत्व इनकी हकीकत जान चुका है अतः ऐसे नेताओं पर जमीनी स्तर पर कार्य करने का दबाव भी पड़ा है, जिस कारण ये बगलें झांकते नजर आए हैं। ऐसे में ये दल-बदल कर शर्म भी महसूस नहीं कर रहे हैं। जब ये मुखौटा बदल जनता के बीच जाते हैं तो मतदाता खुद इनके मुंह में कहता दिखता है, कि शर्म तुमको मगर आती नहीं, जो यहां यूं चले आते हैं। एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से पार्टी के मूल सिद्धांत को प्रमाणित करने में लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके अपने कथित नेता व कुछ कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव से पहले यूं पार्टी छोड़ अन्य दलों का दामन थामते नजर आ रहे हैं जैसे कि कोई पानी का जहाज डूब रहा हो और उसके अंदर रहने वाले चूहे जान बचाने के उपक्रम में समंदर में ही कूदे चले जा रहे हों।

## चिंतन-मनन

# इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्त्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है। आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है। पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही। जिमूतवाहन व्रत में भी इसी तरह की एक कथा का उल्लेख मिलता है।

# राजस्थान में कांग्रेस उतारेगी हैवीवेट प्रत्याशी

- रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान के लिए अभी किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 25 में से 15 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस चुनाव समिति की तरफ से अभी तक देश भर में कुल 39 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। आने वाले एक-दो दिनों में कांग्रेस पार्टी द्वारा कई अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाने वाली है। जिसमें राजस्थान के प्रत्याशियों के नाम भी शामिल होने की बात कही जा रही है। राजस्थान में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा में देरी के पीछे कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश में दो क्षेत्रीय दलों से चुनावी गठबंधन करने की संभावना को बताया जा रहा है।

राजस्थान में पिछले दो बार से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया था। प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर दोनों बार भाजपा के प्रत्याशी जीते थे। मगर इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतरना चाहती है जो भाजपा प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर तो देंगे ही साथ ही प्रदेश में जीत का खाता भी खोल सकेंगे। तीन महीने पहले विधानसभा चुनाव में हार चुकी कांग्रेस पार्टी के पास अब प्रदेश में खोने को कुछ नहीं बचा है। ऐसे में कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं का मानना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस करो या मरो की नीति पर चलते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव लडेगी। इसी श्रृंखला में कांग्रेस के सभी प्रदेश स्तरीय बड़े नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतार जायेगा। हालांकि कांग्रेस के कई बड़े नेता लोकसभा चुनाव लड़ने में आनाकानी कर रहे हैं। मगर कांग्रेस आलाकमान ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है। उसको देखकर लगता है कि अब राजस्थान में भी कांग्रेस के बड़े नेताओं को चुनाव लड़ना ही पड़ेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। मगर उनके गृह क्षेत्र जोधपुर में दो बार से लगातार कांग्रेस हार रही है। पिछली बार तो उनके पुत्र वैभव गहलोत भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से करीबन 3 लाख से अधिक मतों से चुनाव हार गए थे। इसलिए इस बार कांग्रेस आलाकमान स्वयं अशोक गहलोत को जोधपुर से चुनाव मैदान में उतारने जा रहा है। अशोक गहलोत जोधपुर से पांच बार सांसद तथा जोधपुर संसदीय क्षेत्र के ही



सरदारपुर से छठी बार विधायक बने हैं। ऐसे में अशोक गहलोत के खुद के चुनाव लड़ने से चुनावी मुकाबला कांटे का होने की संभावना जताई जा रही है। अशोक गहलोत के लोकसभा चुनाव लड़ने का असर प्रदेश की अन्य लोकसभा सीटों पर भी पड़ेगा और कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को टोंक-सवाई माधोपुर सीट से चुनाव मैदान में उतर जाएगा। पायलट अभी टोंक से विधायक है तथा पूर्व में दौसा व अजमेर से सांसद रह चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सीकर लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाया जाएगा। डोटासरा सीकर लोकसभा क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ से चौथी बार विधायक का चुनाव जीते हैं। पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गोविंद राम मेघवाल को बीकानेर सुरक्षित सीट से चुनाव लड़वाया जाएगा।

पूर्व मंत्री मुरारीलाल मीणा को दौसा संसदीय सीट से चुनाव लड़वाया जाएगा। पिछली बार उनकी पत्नी सविता मीणा को टिकट दिया गया था जो भाजपा की जसकौर मीणा से 78444 वोटो से चुनाव हार गई थी। अजमेर से पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री रघु शर्मा को चुनाव लड़वाये जाने की चर्चा चल रही है। रघु शर्मा इस बार केकड़ी से विधानसभा चुनाव हार गये हैं। बाड़मेर से पूर्व मंत्री हरीश चौधरी को चुनाव लड़वाया जा सकता है। हरीश चौधरी अभी विधायक भी है तथा पूर्व में बाड़मेर से सांसद भी रह चुके हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को राजसमंद से चुनाव लड़वाया जा सकता है। सीपी जोशी पिछला विधानसभा चुनाव नाथद्वारा सीट से हार चुके हैं। वह पूर्व में कई बार विधायक व भीलवाड़ा से सांसद, केन्द्र सरकार में मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं तथा राजस्थान कांग्रेस में बड़े नेता माने जाते हैं। कोटा से पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को चुनाव लड़वाने की चर्चा चल रही है। धारीवाल वर्तमान में कोटा उत्तर से विधायक है तथा पूर्व में कोटा से सांसद, कोटा के जिला प्रमुख व कई बार मंत्री रह चुके हैं।

झालावाड़ सीट से पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया का नाम चचाओं में है। उदयपुर सीट से रघुवीर मीणा को चुनाव लड़वाने की चर्चा है। हालांकि रघुवीर मीणा पिछले कई चुनाव हार चुके हैं मगर फिर भी वह उदयपुर से कांग्रेस के सबसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर उभरे हैं वह पूर्व में उदयपुर से सांसद हुए कई बार विधायक रह चुके हैं। महेंद्रजीत सिंह मालवीय के भाजपा में जाने के बाद बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट पर मौजूदा विधायक नानालाल निभाना की दावेदारी मजबूत हो रही है। हालांकि कांग्रेस भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन पर चर्चा कर रही है। यदि गठबंधन होता है तो बांसवाड़ा सीट कांग्रेस को छोड़नी पड़ेगी। जयपुर शहर से कांग्रेस अल्पसंख्यक समाज के विधायक सलीम कागजी को चुनाव लडवा सकती है। कागजी दूसरी बार विधायक बने हैं तथा कांग्रेस में बड़े अल्पसंख्यक चेहरे हैं। अलवर से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। जितेंद्र सिंह पूर्व में अलवर से सांसद, विधायक व केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं। भीलवाड़ा से पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट तथा पाली से दिव्या मदेरणा को चुनाव लड़वाया जाएगा। झुंझुनू में पूर्व मंत्री विजेंद्र ओला को चुनाव लड़वाया जाएगा। विजेंद्र ओला के पिता शीशराम ओला झुंझुनू से लगातार पांच बार सांसद व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। विजेन्द्र ओला अभी झुंझुनू से चौथी बार विधायक है तथा गहलोत सरकार में राज्य मंत्री थे। चूरू से भाजपा के सांसद राहुल कस्वां को कांग्रेस प्रत्याशी बन सकती है। राहुल कस्वां का भाजपा ने टिकट काट दिया है। राहुल कस्वां दूसरी बार चूरू से सांसद हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चार बार चूरू से सांसद व राजगढ़ से विधायक रह चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस चाहती है कि राहुल कस्वां कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े। राजस्थान में कांग्रेस हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तथा भारतीय आदिवासी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन कर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूत कर चुनाव लड़ना चाहती है।

# अबकी बार, 400 पार के लिए भाजपा के कितने खेवनहार?

- अशोक भाटिया

भारतीय जनता पार्टी अबकी बार, 400 पार का नारा देकर लोकसभा चुनाव में जाने को तैयार है। उत्तरप्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी), बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) जैसे पुराने सहयोगी फिर से एनडीए में वापसी कर चुके हैं तो वहीं तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी), बीजू जनता दल (बीजेडी) जैसी पार्टियां भी गठबंधन में वापसी की कगार पर हैं। भाजपा 400 सीटों के टारगेट तक पहुंचने के लिए राज्य दर राज्य अपना और गठबंधन का कुनबा बढ़ाती जा रही है।

सीटें कम हैं, साथी ज्यादा हैं और इस वजह से बिहार से लेकर महाराष्ट्र तक एनडीए के लिए सीट बंटवारा सिरदर्द बन गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भाजपा के साथ जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल सोनेलाल गठबंधन में हैं। 80 सीटों वाले उत्तरप्रदेश में चार सहयोगियों को भाजपा ने छह सीटों पर एडजस्ट कर दिया। पार्टी इसी तरह का फॉमूर्ला अन्य राज्यों में भी लागू करना चाहती है लेकिन समस्या यह है कि हर राज्य की परिस्थितियां अलग हैं और इस वजह से बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पेच फंस रहा है।

बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं और भाजपा समेत एनडीए में छह पार्टियां शामिल हैं। एनडीए में भाजपा के साथ चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (एलजेपीआर), पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम), जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू शामिल हैं। अब समस्या यह है कि 2019 के चुनाव में भाजपा के साथ जेडीयू और एलजेपी ही थे। अब पेच यह है कि एलजेपी दो दलों में बंट गई और दोनों दल एनडीए में हैं ही, उपेंद्र कुशवाहा और मांझी की पार्टियां भी एनडीए में आ चुकी हैं। पशुपति और चिराग, दोनों ही चाचा-भतीजा 2019 के फॉमूर्ले पर छह-छह सीटें मांग रहे हैं। पशुपति हाजीपुर सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं तो वहीं चिराग भी इस सीट से अपनी मां रीना पासवान को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी काराकट और सीतामढ़ी सीट के लिए दावा कर रही है तो वहीं मांझी की पार्टी अपने लिए गया सीट चाहती है। ये तीनों ही सीटें 2019 के चुनाव में जेडीयू जीती थी। जेडीयू को सीटिंग सीटें छोड़ने के लिए कैसे तैयार किया जाए? सहयोगियों को एडजस्ट करने के बाद भाजपा -जेडीयू के लिए बचेगा क्या? महाराष्ट्र में भाजपा के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का गठबंधन है। शिंदे अपनी पार्टी के लिए 2019 के फॉमूर्ले को आधार बनाकर 23 सीटें मांग रहे हैं तो वहीं अजित भी 10 सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं। अमित शाह ने हाल ही में मुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार के साथ ही महाराष्ट्र भाजपा के नेताओं के साथ भी बैठक की थी जिसके बाद यह फॉमूर्ला सामने आया था कि भाजपा 32, शिंदे की पार्टी 10 और अजित पवार की पार्टी को तीन सीटें मिल सकती हैं। बाकी बची तीन तीन सीटों पर भी शिंदे और अजित पवार की पार्टी के नेताओं को चुनाव लड़ाया जा सकता है।

अब पेच यह है कि पिछले चुनाव में शिवसेना के 18 उम्मीदवार सांसद निर्वाचित हुए थे। इनमें से 13 सांसद शिंदे के साथ आ गए। पांच सांसद उद्धव ठाकरे की पार्टी के साथ ही रह गए। अब पेच यही है कि अगर शिंदे को 10 सीटें ही मिलती हैं तो तीन अन्य सीटिंग सांसदों का क्या होगा? अजित के साथ भी यही समस्या है। अगर वह कम सीटों पर मान जाते हैं तो उनके साथ आए नेता कहीं शरद पवार के पाले में न चले जाएं, एनसीपी को यह आशंका है। इसके ठीक उलट, भाजपा को लगता है कि दोनों ही दल फुल स्ट्रेंथ के साथ नहीं आए हैं। ऐसे में इनको 15 से 18 सीटों पर एडजस्ट कर दिया जाए, जितनी सीटें पिछली बार शिवसेना जीती थी। आंध्र प्रदेश में भाजपा और टीडीपी में गठबंधन की चर्चा के बीच सीट शेयरिंग फॉमूर्ला भी सामने आ गया है। सूबे में लोकसभा की 25 सीटें हैं और टीडीपी पवन कल्याण की जनसेना को पहले ही तीन सीटें दे चुकी है। चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा को पांच सीटें ऑफर की हैं। टीडीपी खुद बाकी 17 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। हालांकि, इसे लेकर अभी आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। दूसरी तरफ, ओडिशा में भाजपा अधिक लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा 14 सीटों पर दावा कर रही है लेकिन यहां दिक्कत यह है कि बीजेडी ने 2019 के चुनाव में 12 सीटें जीती थीं। क्या बीजेडी अपनी पांच सीटिंग सीटें भाजपा के लिए छोड़ने और 24 साल से जिस राज्य की सत्ता में है, वहां छोटे भाई की भूमिका स्वीकार करने को तैयार होगी? एनडीए का कुनबा बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दौरे कर कर रहे है ।5 मार्च को ओडिशा के दौरे पर थे और उसी दिन सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की जयंती भी थी। प्रधानमंत्री ने बीजू बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे अपना सौभाग्य बताया और लगे हाथ मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को अपना मित्र कहकर संबोधित किया, जमकर तारीफ की। इसके बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि क्या नीतीश कुमार की जेडीयू, जयंत चौधरी की आरएलडी के बाद अब बीजू जनता दल (बीजेडी) की भी पुराने गठबंधन में वापसी होने वाली है?

हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में बीजेडी ने भाजपा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव का समर्थन किया था। इसे नवीन पटनायक की पार्टी की ओर से गठबंधन के लिए भाजपा को सॉफ्ट सिग्नल की तरह देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया दौरे के दौरान उनकी नवीन पटनायक के साथ दिखी केमिस्ट्री ने इस चर्चा को और हवा दे दी। अब दोनों दलों का गठबंधन तय बताया जा रहा है लेकिन सवाल भी उठ रहे हैं कि 2000 से ही ओडिशा का पावर सेंटर बने रहे नवीन पटनायक को 15 साल बाद अब आखिर फिर से गठबंधन की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, नवीन पटनायक 2000 से ही ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां बीजेडी की 24 साल पुरानी सरकार के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी को वोट के रूप में कैश कराने की कोशिश में हैं।

# रहमत, बरकत और फजीलत का महीना है रमजान

- मुस्ताअली बोहरा

इस्लाम के पांच फर्ज में से एक है रोजा रखना। जो पांच फर्ज हैं उनमें कलमा (अल्लाह को एक मानना), नमाज, जकात (दान), रोजा और हज (मक्का में काबा) शामिल हैं। रमजान को पाक महीना भी कहा जाता और माना जाता है ये महीना रब को इंसान से और इंसान को रब से जोड़ता है। माना जाता है कि इस्लामिक कैलेंडर के नौंवे महीने रमजान में रोजा रखने की शुरूआत दूसरी हिजरी में हुई है। इस्लामी कैलेंडर चांद की स्थितियों के आधार पर चलता है। हिजरी कैलेंडर की शुरूआत 622 ई. में हुई थी, जब हजरत मुहम्मद साहब मक्का से मदीना गए थे। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान एक महीने का नाम है, जो शाबान के महीने के बाद आता है। यह महीना आठ महीने के बाद यानि नौवें नंबर पर आता है। चांद देखकर रमजान की शुरूआत होती है और चांद देखकर ही ईद मनाई जाती है। अमूमन, सबसे पहले सऊदी अरब में रमजान या फिर ईद का चांद नजर आता है। कुरान की दूसरी आयत सूरह अल बकरा में कहा गया है कि रोजा तुम पर उसी तरह का फर्ज है जैसे तुम से पहले की उम्मत पर फर्ज था। कहा जाता है कि पैगंबर साहब के हिजरत कर मदीना पहुंचने के एक साल बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को रोजा रखने का हुक्म मिला। तब रोजा रखे जाने की परंपरा की शुरूआत दूसरी हिजरी में हुई। रमजान का पाक महीना हर मुसलमान के लिए बेहद खास माना जाता है। रोजे को अरबी में सौम कहा जाता है, इसलिए इस मास को अरबी में माह-ए-सियाम भी कहा जाता हैं। सोम का मतलब होता है संयम, रोजदार अपने मन और शरीर को वश में कर नमाज पढ़ता है और खुदा की इबादत करता है। फारसी में उपवास को रोजा कहते हैं। रमजान चांद दिखने पर शुरू होता है और उसके अगले दिन से रोजा रखा जाता है। रमजान की महीने को भागों में बांटा गया है, जिसे अशरा कहा जाता है। रमजान के हर अशरे का अलग महत्व है। अशरा अरबी का शब्द है, जिसका मतलब 10 होता है। इस तरह रमजान के महीने के 30 दिनों को 10-10 दिनों में बांटा गया है. जिन्हें पहला अशरा, दूसरा अशरा और तीसरा अशरा कहा जाता है। शुरूआती 10 दिन पहला अशरा कहलाते हैं, 11वें दिन से 20वें दिन तक दूसरा अशरा और 21वें दिन से 29वें या 30वें दिन तक तीसरा अशरा होता है। रमजान के मुकद्दस महीने का खास महत्व है। कुरान शरीफ में बताए नियमों का पालन करते हुए जो रोजा रखते हुए खुदा की इबादत करते है उन्हें 70 गुना सवाब यानी पुण्य मिलता है। कई देशों में रमजान के महीने को कुरान का महीना भी कहा जाता है।

रमजान महीने के पहले दस दिनों को रहमत के दिन कहा जाता है। कहा जाता है कि इन दस दिनों में मुसलमान जितने नेक काम करता है, जरूरतमंदों की मदद करता है अल्लाह उस पर रहमत करता है। दूसरे अशरे को मगफिरत यानी माफी का अशरा कहा जाता है। ये अशरा 11वें रोजे से 20वें रोजे तक चलता है। माना जाता है कि इसमें अल्लाह की इबादत करके अगर सच्चे मन से अपने गुनाहों की माफी मांगी जाए तो अल्लाह गुनाहों को माफ कर देता है। तीसरे अशरे को बेहद अहम माना जाता है।

## आज का राशिफल

- **मेष** आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नए अधिकार सौंपे जा सकते हैं आपको अधिक मेहनत से काम करना पड़ सकता है।
- **तुला** का दिन अनूकूल है और लोगों के साथ आपका मेलजोल बढ़ेगा। आपके धन में वृद्धि होगी।
- **वृषभ** आपके शुक्र सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।
- **वृश्चिक** बिजनस के मामले में आपको अचानक से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।
- **मिथुन** आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको ऑफिस के हर कार्य में सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त होगी।
- **धनु** आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप पुराने कर्ज चुकाने में सफल होंगे।
- **कर्क** आज लाभ का दिन है और आपके बहुत समय से रुके कार्य पूर्ण होंगे। नए संबंधों में स्थायित्व आएगा।
- **मकर** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए सफलताकारक है।
- **सिंह** आज सम्मान प्राप्त होगा और आपकी कारोबार से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आज आपको लाभ होगा।
- **कुंभ** दिन आर्थिक मामलों मं सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है।
- **कन्या** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। निर्मूल विवाद से बचें।
- **मीन** आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा।

## विशेष

### तुम डाल डाल, हम पात-पात

भारतीय जनता पार्टी ने 195 लोकसभा सीटों में अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने अभी चुप्पी साध कर रखी है। भाजपा 50 और उम्मीदवारों की घोषणा करने जा रही है। चुनाव अधिसूचना जारी होने के पहले ही, 50 फीसदी से ज्यादा भाजपा के उम्मीदवार घोषित हो चुके होंगे। वहीं कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक की अभी हुई है। 7 मार्च की बैठक में उम्मीदवारों का निर्णय होगा, इसमें संदेह है। माना जा रहा है, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दल जहां-जहां भाजपा के उम्मीदवारों की घोषणा होगी। उसके बाद ही अपने उम्मीदवार फाइनल करेंगे। इंडिया गठबंधन इस बार बहुत सोच समझकर चुनाव मैदान में उतर रहा है। डाल-डाल और पात-पात की इस लड़ाई में क्या होगा, इसका पता तो चुनाव परिणाम के बाद ही लगेगा।

### एनडीए में चंद्रबाबू की वापसी?

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर हुई बैठक में सीट बंटवारे को लेकर सहमति बनी है। इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि चंद्रबाबू अब वापस एनडीए के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गठबंधन का औपचारिक ऐलान भी जल्द ही कर सकते हैं। पर सवाल यही है कि ऐसा करने से कौन फायदे में रहने वाला है और कौन चुनाव जीत लेने के बाद भी हार का मुंह देखने वाला है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1624 इंग्लैंड और स्पेन में युद्ध भड़का. 1844 नेपोलियन बोनापार्ट को लेआन की लड़ाई में पीछे हटना पड़ा. 1893 फ्रांसीसी उपनिवेशों फ्रेंच गिनी और आइवरी कोस्ट की स्थापना हुई. 1900 उगांडा में ब्रिटिश आयुक्त को सरकार का सलाहकार नियुक्त किया गया. 1979 मिस्त्र में सईद जागुल पाशा के निर्वासन के बाद राष्ट्रसंघ भड़का. 1922 जोहांसबर्ग में हड़ताल के बाद दक्षिण अफ्रीका सरकार ने आयात स्थिति लागू कर दी. 1922 गांधीजी को साबरमती आश्रम के पास पहली बार गिरफ्तार किया गया. 1942 द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के रंगून पर कब्जा कर लिया. 1952 जर्मनी के एकीकरण के बारे में सोवियत संघ ने चार महाशक्तियों के सम्मेलन का प्रस्ताव किया. 1972 कंबोडिया के प्रधानमंत्री लोननोल ने सरकार पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया.

## दैनिक पंचांग

10 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.30 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 08.00 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.40 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.39 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.52 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.08 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.20 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.31 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.45 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.01 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मकर | 03.07 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.53 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 70 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 14.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 01.55 बजे रात्र को समाप्त। **योग** साध्य 16.13 बजे को समाप्त। **करण** नाग 14.31 बजे तदनन्तर किंस्तुघ्न 00.37 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 00' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871914 **जूलियन दिन** 2460379.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 28 **विशेष** फाल्गुन अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# कक्षा 10वीं के बाद सिविल सर्विस की करना चाहते हैं तैयारी, इस स्ट्रीम से करें आगे की पढ़ाई

**10वीं पास करने के बाद अक्सर कैंडिडेट आगे की पढ़ाई किस स्ट्रीम से करें इसके लिए परेशान रहते हैं। कई बार छात्र दसवीं और बारहवीं करने के बाद सिविल सर्विस की तैयारी करने का सोचते हैं ताकि वह अपने करियर को बेहतर बना सके। ऐसे में 10वीं और 12वीं करने के बाद सही स्ट्रीम का चुनाव करना बेहद जरूरी हो जाता है। हालांकि किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए किसी पर्टिकुलर स्ट्रीम की आवश्यकता नहीं होती है।**

अगर बात करें मुख्य रूप से सिविल सर्विस तैयारी की आप किसी भी स्ट्रीम को चुनकर भविष्य में आईएएस, आईपीएस अधिकारी बन सकते हैं। लेकिन कुछ स्ट्रीम के सब्जेक्ट ऐसे होते हैं जिसे पढ़कर भविष्य के करियर को मजबूत कर सकते हैं। इस लेख में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अगर केवल आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर रहे हैं तो कौन सी स्ट्रीम बेस्ट साबित हो सकती हैं।

## साइंस स्ट्रीम को करें सेलेक्ट

अगर आप फॉरेंसिक साइंस, क्रिमिनोलॉजी जैसे विषयों को पढ़ने और समझने और साइबर सिक्योरिटी जैसे पुलिसिंग के कुछ टेक्निकल फील्ड में स्पेशलाइजेशन हासिल करने की इच्छा रखते हैं, तो आप फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या मैथेमेटिक्स जैसे विषयों का चयन कर सकते हैं।

## आर्ट्स स्ट्रीम का करें चयन

इस स्ट्रीम में छात्रों को इतिहास, पॉलिटिकल साइंस,साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी जैसे विषयों को पढ़ने का अवसर मिलता है। ये सारे विषय सामाजिक मुद्दों, शासन और ह्यूमन नेचर की समझ प्रदान करते हैं। अगर आप कानून प्रवर्तन के फील्ड में काम आ सकता है।

## कॉमर्स स्ट्रीम को करें सेलेक्ट

कॉमर्स स्ट्रीम के अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषयों की मदद से फाइनेंस और बिजनेस पर फोकस कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े क्राइम से निपटने या पुलिस बजट को मैनेज करने में ये विषय आपकी मदद कर सकता है।

कौन सी स्ट्रीम हो सकती है बेस्ट

किसी भी स्ट्रीम को सेलेक्ट करने के लिए छात्र के रूचि और पर्सनल च्वाइस पर डिपेंड करता है। सिविल सर्विस अधिकारी कई एजुकेशनल बैकग्राउंड से आते हैं। ऐसे में आपको उस विषय को चुनना चाहिए जिसे पढ़ने में आपको इंटरेस्ट आता है। अगर आप आर्ट स्ट्रीम से ग्रेजुएशन या पीजी करते हैं तो आपको आगे चलकर इन विषयों को समझना बेहद ही आसान होता है।



# प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में बनाएं अपना कॅरियर

**ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट ऐसे रोगियों को दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने रोजमर्रा के काम करने के लिए स्थिरता और गतिशीलता हासिल करने में मदद करते हैं। कोई भी इस ऑर्थोटिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट कॅरियर का विकल्प चुन सकता है।**

ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर होते हैं जो ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक उपकरणों की योजना बनाते हैं, विकसित करते हैं, फिट करते हैं और संशोधित करते हैं। इन उपकरणों में ऑर्थोस ब्रेसिज, जैसे कृत्रिम हाथ और पैर शामिल हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट विकलांग रोगियों को सहायता प्रदान करते हैं। वे उन्हें कृत्रिम अंगों (प्रोस्थेटिक्स) से जोड़ते हैं और उन्हें स्थिरता हासिल करने में मदद करते हैं। कई बार दुर्घटना में लोगों के हाथ-पैर भी टूट जाते हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट उनके जीवन में सहायक उपकरणों को ठीक करने और गतिशीलता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे हादसों का शिकार हुए इंसान अक्सर आजीवन अपंगता का शिकार हो जाते हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि वे मूल अंग को वापस नहीं ला सकते हैं, लेकिन वे कृत्रिम अंगों जैसे ऑर्थोटिक ब्रेसिज या ऑर्थोस के साथ उन्हें फिट करके उन्हें स्थिरता प्रदान कर सकते हैं।

प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स कॅरियर के रूप में ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट का कॅरियर सभी के लिए उपयुक्त है चाहे वह लड़का हो या लड़की। विकलांगता से पीड़ित लोगों को अक्सर दूसरों पर आजीवन निर्भरता रहना पड़ता है। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट ऐसे रोगियों को दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने रोजमर्रा के काम करने के लिए स्थिरता और गतिशीलता हासिल करने में मदद करते हैं। कोई भी इस ऑर्थोटिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट कॅरियर का विकल्प चुन सकता है।

प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में स्नातक उन छात्रों के लिए एक करियर विकल्प है जो फार्माकोलॉजी, विच्छेदन सर्जरी और यहां तक कि ग्राफिकल संचार जैसे विषयों का अध्ययन करना चाहते हैं ताकि लगभग हर डोमेन में रोगियों की मदद की जा सके। इस कोर्स को करने पर छात्रों को किसी भी प्रोस्थेटिक या ऑर्थोटिक बीमारियों वाले रोगियों के इलाज के लिए एक पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाया जाता है।

प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक्स में स्नातक (बीपीओ) पाठ्यक्रम को देश में हो रही चिकित्सा प्रगति के अनुसार डिजाइन किया गया है। यह छात्रों को न्यूरोमस्कुलर और लोकोमोटर विकारों के पुनर्वास उपचार का विस्तृत अध्ययन प्रदान करता है। इतना ही नहीं, यह पाठ्यक्रम छात्रों को शारीरिक कल्याण के क्षेत्र में सक्षमता बनाने में भी मदद करता है।

प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक्स में स्नातक 4 साल का पूर्णकालिक स्नातक पाठ्यक्रम है जिसे तीन महीने प्रोस्थेटिक्स में और तीन महीने ऑर्थोटिक्स के साथ कुल छह महीने के अनिवार्य प्रशिक्षण के साथ पूरा किया जाता है। पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले कुछ विशेष विषय इस प्रकार हैं-

- जैवयांत्रिकी
- प्रोस्थेटिक साइंस
- ऑर्थोटिक साइंस
- मोबिलिटी एंड रिहैबीलीटेशन एड्स
- विच्छेदन सर्जरी और इमेजिंग विज्ञान
- सहायक तकनीक
- औषध
- ग्राफिकल संचार
- हड्डी रोग

सभी ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट को ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स में मास्टर डिग्री पूरी करनी चाहिए। मास्टर प्रोग्राम को पूरा होने में आमतौर पर 2 साल लगते हैं। इन कार्यक्रमों में ऊपरी और निचले छोरों के ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स, स्पाइनल ऑर्थोटिक्स और प्लास्टिक निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री शामिल होती हैं। इसके अलावा, ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स कार्यक्रमों में एक नैदानिक घटक होता है जिसमें छात्र एक आर्थोपेडिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट के निर्देशन में काम करता है।

## पात्रता

- कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी विषयों में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करें
- कॉलेजों की उच्च रैंकिंग कट-ऑफ को क्लियर करने के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में अच्छा रैंक प्राप्त करें
- पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं को पास करें

## शीर्ष संस्थान

- अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास संस्थान
- राष्ट्रीय लोकोमोटर विकलांग संस्थान, कोलकाता
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, तमिलनाडु
- अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज (एयूएस)
- आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी
- चक्रधर पुनर्वास विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
- ईश्वर प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स संस्थान, चेन्नई

## प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स के काम

ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स आमतौर पर निम्नलिखित कार्य करते हैं :

- मरीजों की जरूरतों को निर्धारित करने के लिए उनका मूल्यांकन और साक्षात्कार
- रोगी के शरीर के उस हिस्से का माप या छाप लें जहाँ ब्रेस या कृत्रिम अंग लगाया जाएगा
- चिकित्सकों के नुस्खे के आधार पर आर्थोपेडिक और कृत्रिम उपकरणों का डिजाइन और निर्माण करना
- ऑर्थोटिक या प्रोस्थेटिक डिवाइस के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री का चयन करना
- रोगियों को उनके उपकरणों का उपयोग करने और उनकी देखभाल करने का निर्देश देना
- प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरणों को समायोजित, मरम्मत या या उन्हें बदलना



# रेगुलर डिग्री के साथ हासिल करें पार्ट टाइम स्किल

**कॉलेज में क्लासेज होती हैं दोपहर तक, उसके बाद क्या करें! पर अब आप दोपहर बाद के खाली समय को लेकर परेशान न हों। दिल्ली विश्वविद्यालय के कैम्पस ऑफ ओपन लर्निंग में तरह-तरह के शॉर्ट टर्म कोर्स हैं, जो आपके दोपहर बाद के टाइम को भी सार्थक करेंगे और आपकी जानकारी में भी इजाफा करेंगे।**

इन कोर्सों में कुछ बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर से जुड़े हैं तो कुछ पर्सनेलिटी डेवलपमेंट से। ये कोर्स आमतौर तीन से छह माह तक की अवधि के हैं। इन कोर्सों को रेगुलर कोर्स की पढ़ाई करने के साथ-साथ किया जा सकता है।

## कोर्स के रंग

केशवपुरम स्थित सेंटर में विश्वविद्यालय ने विभिन्न उद्योगों की मदद से शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए हैं। फिलहाल पांच कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। कोर्स हैं- टेलीकॉम, इंश्योरेंस, सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट, हॉस्पिटेलिटी और सॉफ्ट स्किल।

**टेलीकॉम** - टेलीकॉम का कोर्स भारती ग्रुप के सेंटम लर्निंग की मदद से चलाया जा रहा है। छह माह के इस कोर्स में दो माह की इंटर्नशिप है। कोर्स में कस्टमर रिलेशनशिप, कस्टमर सर्विस और टीम वर्क जैसी चीजें शामिल हैं।


**इंश्योरेंस** - इंश्योरेंस का कोर्स मेटलाइफ के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें जीवन बीमा और वित्तीय मामलों की जानकारी दी जाती है। विभिन्न तरह के प्रोडक्ट्स और उनके इस्तेमाल के बारे में बताया जाता है। यह कोर्स तीन माह का है, जिसमें एक माह इंटर्नशिप है। इसकी फीस दस हजार रखी गई है।

**सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट**- सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट विशेष तौर पर स्नातक पास या स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए है। इसमें दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए होता है। कोर्स में दाखिला पाते ही छात्र को नियुक्ति पत्र भी दिया जाता है, ताकि कोर्स पूरा होते ही छात्र कंपनी के साथ काम कर सके। यह कोर्स बैंक और फाइनेंस सेक्टर में काम के लिहाज से तैयार किया गया है। सीटें 25 हैं और फीस 18 हजार है। कोर्स की अवधि साढ़े तीन माह है। यह हीरो माइंड माइन कंपनी के सहयोग से चल रहा है। इसमें बैंक की जानकारी, बिजनेस कम्युनिकेशन और कम्युनिकेशन और सेलिंग स्किल की जानकारी दी जाएगी।

**सॉफ्ट स्किल** - सॉफ्ट स्किल में अंग्रेजी कम्युनिकेशन, कॉरपोरेट एप्टीटयूड, साक्षात्कार का सामना करने के हुनर सिखाए जाते हैं। हॉस्पिटेलिटी का कोर्स होटल उद्योग और अन्य सर्विस सेक्टर में कुशल कर्मचारी तैयार करने को लेकर तैयार किया गया है। सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट को छोड़ कर अन्य सभी कोर्सेज में प्रवेश के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इन कोर्सों में दाखिला पाने वाले छात्रों को पढ़ाई के दौरान ऑन हैंड ट्रेनिंग भी दी जाती है। संस्थान में आधुनिक लैब भी तैयार की गई है। कक्षाएं आमतौर पर सप्ताह में तीन दिन दो-दो घंटे चलेंगी। कोर्स पूरा होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय और संबंधित संस्थान संयुक्त रूप से सर्टिफिकेट प्रदान करते हैं। ये कोर्स छात्रों की सहूलियत के मुताबिक चलाए जाते हैं। अगर किसी को सुबह की पाली में क्लास करने में परेशानी है तो वह दूसरी पाली यानी दोपहर बाद भी क्लास कर सकता है।





# सीखें कहने की कला

**अपनी बात कहने से पहले दूसरों की बात गौर से सुनें-गुनें और उनकी उम्मीदों-अपेक्षाओं को समझें, ताकि जब आपके कहने की बारी आए, तो दूसरे भी आपकी बातों को ध्यान से सुनें और प्रभावित हों। जॉब सर्च, इंटरव्यू या नौकरी के दौरान अपनी बात से दूसरों को मुरीद बनाने की कम्यूनिकेशन स्किल के टिप्स दे रहे हैं मोटिवेटर।**

अच्छे वक्ता वे होते हैं, जो बोलते हैं तो लोग ध्यान से सुनते हैं। आज स्थिति यह है कि आप अपनी बात को कितने प्रभावशाली ढंग से रखते हैं, उसी पर आपको करियर या जीवन के किसी भी क्षेत्र में मिलने वाली कामयाबी निर्भर करती है। जरा सोचिए, आप किसी मंच पर अपनी बात रख रहे हैं, तो लोग उसे क्यों सुनना चाहेंगे? अगर आप वहां उपस्थित लोगों की मन:स्थिति, उनकी रुचियों, अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित विषय को जोड़ेंगे, तभी लोग उससे प्रभावित होंगे। आप चाहे जितनी हायर स्टडी कर लें या तकनीकी ज्ञान हासिल कर लें, जब तक उसके बारे में लोगों को अच्छी तरह बताने की कला में पक्के नहीं हो जाते, तब तक लोग आपके ज्ञान से कतई प्रभावित नहीं हो सकते। इसलिए जितना जरूरी ज्ञान प्राप्त करना है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी अपनी कम्यूनिकेशन स्किल विकसित करना है। अगर आप एक बार कहने की कला में पारंगत हो गए, तो चाहे पब्लिक स्पीकिंग हो या फिर इंटरव्यू या ग्रूप डिस्कशन या फिर मार्केटिंग फील्ड में अपने क्लाइंट को प्रभावित करना हो, हर जगह आप कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

## होमवर्क जरूरी

अगर आप किसी संस्थान में जॉब हासिल करना चाहते हैं, तो वहां अप्लाई करने से पहले या साथ-साथ उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने का प्रयास करें। मसलन यह कि कंपनी क्या काम करती है, मार्केट में उसकी छवि कैसी है, वहां के लोगों को मार्केट में कितना आदर-सम्मान दिया जाता है आदि। यह सब जानने के बाद ही आप इंटरव्यू के दौरान वहां के एचआर को बता सकते हैं कि आप वहां के लिए कितने उपयोगी हो सकते हैं। 90 फीसद से ज्यादा उम्मीदवार ऐसा नहीं करते। ऐसे में इंटरव्यू के वक्त जब उनसे पूछा जाता है कि आप संस्थान की तरक्की में किस तरह का योगदान दे सकते हैं, तो उम्मीदवारों के पास तार्किक जवाब नहीं होता। फिर वे जो भी जवाब देते हैं, उसकी कोई अहमियत नहीं रह जाती। अगर कंपनी के बारे में आपको जानकारी है, तो आप आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कह सकते हैं।

## तोल-मोल कर बोलें


जब कभी इंटरव्यू के लिए जाएं, तो अपने रेज्यूमे में लिखी बातों का ध्यान रखें। अपने बारे में वही बताएं, जो आपने रेज्यूमे में पहले लिखकर भेजा है। इंटरव्यू के दौरान पूरी विनम्रता से, मीडियम टोन में अपनी बात रखें। न तो इतनी जोर से बोलें कि आपकी आवाज कमरे से बाहर तक सुनाई दे और न ही इतना धीमे बोलें कि सामने वाले लोग आपकी बात सुन ही न पाएं। अगर आपकी आवाज कर्कश, बेसुरी है, तो संगीत साधना की तरह घर पर इसे विनम्र-मधुर बनाने का रियाज करें। आगे आपको हर जगह इसका फायदा मिलता नजर आएगा।

## सुनें ज्यादा, बोलें कम

इंटरव्यू या क्लाइंट मीटिंग के दौरान बीच में बोले बिना सामने वाले की बातों को गौर से सुनें। उनकी बात खत्म होने के बाद दस सेकंड सोचें और अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए विनम्रता से जवाब दें या अपनी बात रखें। एक बार जो बोलें, उसे बदलें नहीं। न ही किसी बात पर उत्तेजित हों।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और ईएफटीए के बीच करार में 100 अरब डॉलर निवेश का संकल्प, ट्रेड डील पर लगेगी मुहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चारों सदस्य देशों के बीच रविवार (10 मार्च) को व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। मामले के एक जानकार ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला ऐसा करार होगा जिसमें 15 साल की अवधि के दौरान 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई जाएगी। इस निवेश से भारत में 10 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मामले के जानकार एक शख्स ने बताया, 'इस निवेश को हासिल करने के लिए तंत्र और रोडमैप तैयार किया जाएगा।' यह प्रतिबद्धता प्रस्तावित व्यापार करार में निवेश अध्याय का हिस्सा हो सकता है और इसके लिए सभवत- अलग से निवेश समझौता नहीं करना पड़ेगा। ईएफटीए राष्ट्रों- आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के अधिकारियों का एक दल व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (ञश्चक्क) पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर करने के लिए इस सप्ताहांत दिल्ली पहुंच सकता है। भारत द्वारा किसी यूरोपीय देश या संगठन के साथ किया जाने वाला यह पहला व्यापार करार और पिछले एक दशक में किया गया चौथा व्यापार समझौता होगा। फरवरी 2021 में भारत ने मॉरीशस के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया था। उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ पिछले साल इसी तरह का समझौता किया गया था।

### एक दिन में 900 रुपये उछला सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में तेजी का दौर जारी है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में सोने की कीमत में शुक्रवार को लगातार सातवें दिन तेजी रही। भारत में भी सोना शुक्रवार को 67,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया। एक दिन में इसमें 900 रुपये की तेजी आई। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने, फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद बढ़ाने से सोने की कीमत में तेजी आ रही है। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी स्पॉट की कीमत कारोबार के दौरान 2,200 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 66,019 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ। पिछले हफ्ते के मुकाबले इसकी कीमत में 2,419 रुपये की तेजी आई है। इसी तरह स्पॉट गोल्ड प्राइस 2,179 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ जो पिछले हफ्ते के मुकाबले 4.65 फीसदी अधिक है। पिछले शुक्रवार को गोल्ड 2,082 रुपये प्रति औंस पर बंद हुआ था। जानकारों का कहना है कि फेड रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की यूएस सीनेट में पेशी के बाद ब्याज दरों में कटौती की अटकलें तेज हो गई हैं। साथ ही दुनिया के आर्थिक हालात और लगातार जारी भूराजनीतिक तनाव के कारण भी सोने की चमक बढ़ी है। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन के डायरेक्टर हरेश आचार्य ने कहा कि कई जियोपॉलिटिकल फैक्टर्स की वजह से सोने की कीमत में तेजी आई है।

# बिटकॉइन ने रचा इतिहास, पहली बार 70,000 डॉलर के पार पहुंची कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में रौनक देखने को मिल रही है। दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन पिछले कुछ समय से लगातार नई-नई ऊंचाई छू रही है। अब बिटकॉइन ने रिकॉर्ड हाई पर पहुंच कर इतिहास रच दिया है। बिटकॉइन ने पहली बार 70 हजार डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की लॉन्चिंग के बाद से ही बिटकॉइन की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। साल 2024 में बिटकॉइन की कीमत 50 फीसदी बढ़ी है। दुनिया की तमाम प्रमुख वर्चुअल करेंसीज में इजाफा देखने को मिल रहा है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर बिटकॉइन के अलावा दुनिया की दूसरी कौन-कौन सी क्रिप्टोकरेंसी में इजाफा देखने को मिल रहा है।



### बिटकॉइन के दाम 70 हजार डॉलर के पार

बिटकॉइन के दाम शुक्रवार देर शाम 70 हजार डॉलर के पार चले गए हैं। कारोबारी सत्र के दौरान बिटकॉइन की कीमत 70,136.33 डॉलर के साथ रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई। वैसे बीते 24 घंटे के अंदर बिटकॉइन के दाम 66,238.45 डॉलर पर भी पहुंचे। मौजूदा समय यानी शनिवार (9 मार्च) को बिटकॉइन की कीमत 0.09 फीसदी की तेजी के साथ 68,390.23 डॉलर पर कारोबार कर रही है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में बिटकॉइन की कीमत में और भी इजाफा देखने को मिलेगा।

### क्यों आई तेजी

जानकारों की मानें तो नए अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज-ट्रेडेड क्रिप्टो प्रोडक्ट्स की निवेशकों में डिमांड ज्यादा बढ़ गई है। साथ अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं देखने को मिल रही है जिसकी वजह से क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में तेजी का फ्लो बना हुआ है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में ये फ्लो बना हुआ दिखाई दे सकता है। अगले दो महीनों बिटकॉइन की कीमत 75 हजार डॉलर के भी पार जा सकती है। वैसे संभावना जताई जा रही है कि साल के अंत तक बिटकॉइन कीमत एक लाख डॉलर को भी टच कर सकती है।

# महिला संचालित स्टार्टअप को रकम जुटाने में हो रही परेशानी, 6 हजार कंपनियां नहीं कर पाई फंडरेजिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में महिला संस्थापकों वाली 8 हजार से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों ने अब तक कुल मिलाकर करीब 23 अरब डॉलर की रकम जुटाई है। ट्रैक्शन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा करीब 6 हजार कंपनियां ऐसी हैं जिसने कोई रकम नहीं जुटाई है। उनमें से 590 कंपनियों का राजस्व 30 हजार डॉलर से अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी फिलहाल 18 फीसदी से अधिक है और रकम जुटाने वाली कंपनियों हिस्सेदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। इसके बावजूद देश में महिलाओं के नेतृत्व वाली स्टार्टअप कंपनियों द्वारा जुटाई गई फंडिंग की हिस्सेदारी बीते एक दशक में बढ़ी है, जो साल 2020 से 2022 तक भारत में कुल स्टार्टअप फंडिंग का 15 फीसदी से अधिक है।

# टाटा का शेयर 4 दिन में 36 प्रतिशत चढ़ा

### अब ग्रुप का प्लान निवेशकों को देगा झटका!

**ईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के कई कंपनियों के शेयरों में धुंआधार तेजी देखने को मिली थी। लेकिन यह रफ्तार अगले हफ्ते फिकी पड़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबकि टाटा संस आईपीओ लाने से बचने की कोशिश कर रहा है। इसका बुरा असर टाटा केमिकल्स पर सबसे अधिक पड़ेगा। बता दें, 4 दिन में टाटा केमिकल्स के शेयरों में 36 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। बुलेट ट्रेन की तरह भाग रहा है रेलवे का यह शेयर, कंपनी को मिला 1900 करोड़ रुपये का काम



### क्या है मामला

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के तहत टाटा संस को सितंबर 2025 तक लिस्ट होना होगा। समूह इससे बचने की कोशिश कर रहा है। ईकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास टाटा संस ने याचिका भी दायर की थी। लेकिन लिस्टिंग से बचने वाली इस याचिका को रिजर्व बैंक रद्द कर दिया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार लिस्टिंग से बचने के लिए टाटा संस अपने बैलेंस शीट का रिस्ट्रक्चर करने के विकल्प तलाश रहा है। यदि कर्ज को चुका कर लोन को रिस्टक्चर करने में टाटा संस सफल रहा और टाटा कैपिटल में अपनी होल्डिंग को किसी अन्य यूनिट में ट्रांसफर करता है तो ऐसी स्थिति में उसे एक इनवेस्टमेंट या अपर लेयर के तौर पर डिरजिस्टर्ड किया जा सकेगा। इससे समूह लिस्टिंग लाने से बच जाएगा।

### टाटा के इन कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी

इस पूरे घटनाक्रम से जिस कंपनी पर सबसे बुरा असर पड़ सकता है वह टाटा केमिकल्स है। मौजूदा समय में टाटा केमिकल्स की कुल हिस्सेदारी टाटा संस में 3 प्रतिशत की है। बता दें, पिछले हफ्ते ऑटोमोबाइल कॉरपोरेश ऑफ गोवा, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन, रेलीज इंडिया, टाटा पॉवर कंपनी के शेयरों में क्रमशः 33 प्रतिशत, 28 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और टाटा पॉवर के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, टाटा ग्रुप की तरफ से टाटा संस के आईपीओ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद लोगों ने पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के शेयरों को खरीदने लगे थे।

# प्याज की बढ़ती कीमत को कंट्रोल करने के लिए सरकार ने बनाया प्लान!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था। इसमें से एक लाख टन अभी भी उपलब्ध है। सूत्रों ने कहा कि अपने 'बफर स्टॉक से रियायती दर पर प्याज बेचने के सरकार के फैसले से कीमतों को नियंत्रित करने में



मदद मिली है। सरकार इस महीने के अंत में प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर फैसला लेगी। यह रोक 31 मार्च तक है। सरकार की बफर स्टॉक बनाने की योजना 2023-24 में प्याज के उत्पादन में गिरावट के अनुमान के बीच आई है। कृषि मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, ''प्याज का उत्पादन 2023-24 में लगभग 254.73 लाख टन होने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल यह लगभग 302.08 लाख टन था। महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान 3.12 लाख टन की उपज कम होने से कुल उत्पादन में यह गिरावट आने की आशंका है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में प्याज का उत्पादन 316.87 लाख टन रहा था।

# ग्रे मार्केट में धमाल मचाए है शेयर, 2 दिन में 51 गुना हुआ सब्सक्राइब, दांव लगाने का बचा है एक मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी श्री कर्णी फैबकॉम के आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के आईपीओ में शुरुआती 2 दिन में ही 51 गुना से ज्यादा दांव लग गया है। श्री कर्णी फैबकॉम के आईपीओ में दांव लगाने का एक मौका अभी बचा हुआ है। कंपनी का आईपीओ 11 मार्च 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हुआ है। श्री कर्णी फैबकॉम का आईपीओ दांव लगाने के लिए 6 मार्च को खुला था। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हैं। श्री कर्णी फैबकॉम के शेयर ग्रे मार्केट में 110 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं।

श्री कर्णी फैबकॉम के आईपीओ का प्राइस बैंड 220 से 227 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 250 रुपये के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहे हैं।




227 रुपये के अपर प्राइस बैंड पर श्री कर्णी फैबकॉम के शेयर 477 रुपये पर लिस्ट हो सकते हैं। यानी, जिन इनवेस्टर्स को आईपीओ में कंपनी के शेयर अलॉट होंगे, वह लिस्टिंग वाले दिन 110 पर्सेंट से अधिक का फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। यानी, कंपनी के शेयरों में निवेशकों का पैसा पहले ही दिन दोगुना हो सकता है। श्री कर्णी फैबकॉम के शेयर 14 मार्च 2024 को बाजार में लिस्ट होंगे। श्री कर्णी फैबकॉम का आईपीओ शुरुआती 2 दिन में ही 51.45 गुना सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी का आईपीओ अभी एक और दिन सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हुआ है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 86.24 गुना सब्सक्राइब हुआ है। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 37.93 गुना सब्सक्राइब हुआ है। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्सका कोटा 0.71 गुना सब्सक्राइब हुआ है। श्री कर्णी फैबकॉम की शुरुआत मार्च 2018 में हुई थी। कंपनी लगेज, मेडिकल आर्क सपोर्ट, चेयर, शू और अपैरल इंडस्ट्री के लिए कस्टमाइज्ड और वुवेन फैब्रिक्स तैयार करती है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ की एक लॉट में 600 शेयर हैं।

# शरद पवार के पोते के स्वामित्व वाली चीनी मिल की 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र सहकारी बैंक घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बारामती एग्रो लिमिटेड के स्वामित्व वाली कन्नड़ सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड की 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत की है। ईडी ने इस कार्रवाई को लेकर बयान भी जारी किया है। इसमें केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड (कन्नड एसएसके) की 161.30 एकड़ जमीन, संयंत्र, मशीनरी एवं भवन को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है। गौरतलब है कि यह मामला महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक द्वारा चीनी मिलों की अवैध बिक्री से जुड़ा है। बारामती एग्रो लिमिटेड कंपनी राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार की है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला 2019 में प्रकाश में आया जब मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। इससे पहले, इस मामले में पांच जनवरी को एजेंसी ने रोहित पवार की कंपनी बारामती एग्रो के बारामती, पुणे, औरंगाबाद समेत अन्य परिसरों में छापेमारी की थी।इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने रोहित पवार को मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। ईडी की कार्रवाई पर शरद पवार की पुत्री सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह विपक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश है।

# 2 महीने में 600 प्रतिशत की तूफानी तेजी, 35 रुपये से 245 रुपये पर पहुंचा शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयरों ने 2 महीने में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयरों में 2 महीनों में 600 पर्सेंट की तूफानी तेजी आई है। कंपनी का आईपीओ पिछले साल दिसंबर में 35 रुपये के दाम पर आया था। ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयर 7 मार्च 2024 को 244.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 291.80 रुपये है। वहीं, ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 93.25 रुपये है।

ट्राइडेंट टेकलैब्स का आईपीओ 21 दिसंबर 2023 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। कंपनी का आईपीओ 26 दिसंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 35 रुपये था। ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयर 29 दिसंबर 2023 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ब्ध प्लेटफॉर्म पर 98.15 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद



कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 7 मार्च 2024 को 244.75 रुपये पर बंद हुए हैं। 35 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले ट्राइडेंट टेकलैब्स के शेयर करीब 600 पर्सेंट चढ़ गए हैं। ट्राइडेंट टेकलैब्स का आईपीओ टोटल 763.30 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 1059.43 गुना दांव लगा था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 854.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कोटे में 117.91 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 4000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 140000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

# 6 महीने में 1.20 लाख रुपये के बनाए 14 लाख, 75 रुपये का शेयर अब 900 के पार पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 6 महीने पहले आए एक आईपीओ ने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह बोंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ है। कंपनी का आईपीओ 18 अगस्त 2023 को खुला था। आईपीओ में बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों का दाम 75 रुपये था। शानदार लिस्टिंग के बाद ताबड़तोड़ तेजी दिखाते हुए कंपनी के शेयर 7 मार्च 2024 को 910 रुपये पर बंद हुए हैं। बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 1100 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 949.95 रुपये है। वहीं, बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 142.50 रुपये है।

### 1.20 लाख रुपये के बन गए 14.56 लाख रुपये

बोंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ 18 से 22 अगस्त 2023 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर थे। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को आईपीओ में 1.20 लाख रुपये का निवेश करना पड़ा। जिन निवेशकों को आईपीओ में बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर अलॉट हुए और उन्होंने अब तक कंपनी के शेयर अपने पास बनाए रखे हैं, उन्हें तगड़ा फायदा हुआ है। बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 7 मार्च 2024 को 910 रुपये पर बंद हुए हैं। ऐसे में एक लॉट में मिले 1600 शेयरों की मौजूदा वैल्यू 14.56 लाख रुपये पहुंच गई है। बोंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ टोटल 112.28 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 100.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, आईपीओ की अदर्स कैटेगरी में 115.46 गुना दांव लगा था। बोंडाडा इंजीनियरिंग के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 42.72 करोड़ रुपये का था। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ब्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 86 पर्सेंट थी, जो कि अब 63.33 पर्सेंट रह गई है।

# प्याज-टमाटर के दाम बढ़ने से फरवरी में वेज थाली हुई महंगी, नॉनवेज के गिरे दाम



**मुंबई एजेंसी।** प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है।

शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपए थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, ''प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमश- 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी के 28 रुपए की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपए की तुलना में घटकर 54 रुपए हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपए की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। 'ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका कुल मूल्य में 50 प्रतिशत भारांश है। सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण यही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू फैलने से रमजान के पवित्र महीने से पहले आपूर्ति प्रभावित होने और मांग बढ़ने से फरवरी में ब्रॉयलर की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी ने दिल्ली को एक रन से हराया

**● लगातार चार जीत के बाद हारी कैपिटल्स**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी वॉरियर्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-2 में जीत के रथ में सवार दिल्ली कैपिटल्स पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यूपी की यह लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि दिल्ली की लगातार चार जीत के बाद पहली हार है। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स अब भी 8 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। अरुण जेटली मैदान पर यूपी वॉरियर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में



दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 137 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति शर्मा को दोहरे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने हैट्रिक हासिल ली और 59 रन की पारी भी खेली। वे इस लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनी हैं।

#### मैच के दो रिकॉर्ड

दीप्ति शर्मा के नाम सीजन की पहली हैट्रिक दीप्ति शर्मा विमेंस प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनी हैं। वे ऐसा करने वाली लीग की दूसरी गेंदबाज हैं। इजाबेल वॉन्ग के नाम लीग की पहली हैट्रिक दर्ज है। वॉन्ग पिछले सीजन में मुंबई की ओर से यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ हैट्रिक ली थी। दीप्ति ने इस सीजन की पहली हैट्रिक ली।

जेमिमा के 5 हजार टी-20 रन पूरे भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्ज के टी-20 क्रिकेट में 5 हजार रन पूरे हो गए हैं। जेमिमा ने यूपी के खिलाफ 15 बॉल पर 17 रन की पारी खेली। उन्होंने छक्का जमाकर 5 हजार रन पूरे किए।

### उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नें जीता प्राग मास्टर्स शतरंज का खिताब

प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)। प्राग मास्टर्स शतरंज 2024 का खिताब आखिरकार उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक नें अपने नाम कर लिया। अब्दुसत्तारोव नें अंतिम राउंड में रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट के खिलाफ आसानी से बाजी



ड्रॉ खेलते हुए 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया, उनकी यह जीत कितनी बड़ी रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्होने 5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर रहे भारत के आर प्रज्ञानन्दा, ईरान के परहम मघसूदलू और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से कुल 1.5 अंक ज्यादा बनाए।



# टीम इंडिया की अब टेस्ट में जीत-हार बराबर

## इंग्लैंड को हराकर 178 टेस्ट जीता, घर में 118 मैच जीते

**धर्मशाला।** भारत ने धर्मशाला में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत ली है। इस नतीजे की बदौलत टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट अब जीत-हार का हिसाब बराबर हो गया है। भारत ने 1932 में टेस्ट खेलना शुरू किया और धर्मशाला में हुए मुकाबले से पहले तक भारत की हार की संख्या जीत से ज्यादा थी। धर्मशाला में जीत के साथ ही यह अंतर खत्म हो गया। अब भारत के नाम 579 टेस्ट मैचों में 178 जीत और इतनी ही हार हैं। 1 टेस्ट टाई रहा है और 222 ड्रॉ रहे हैं। वहीं भारत की घरेलू मैदान पर भी 118वीं जीत है। भारत ने घरेलू मैदान पर 289 टेस्ट खेले हैं।

### चार टीमों के नाम जीत ज्यादा हार कम

टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ चार टीमें ऐसी हैं जिनके नाम हार की तुलना में जीत ज्यादा है। इनमें ऑस्ट्रेलिया (413 जीत, 232 हार), इंग्लैंड (392 जीत, 324 हार), साउथ अफ्रीका (178 जीत, 161 हार) और पाकिस्तान (148 जीत, 142 हार) शामिल हैं। भारत ने अब जीत और हार के आंकड़े बराबर कर दिए हैं। हाल-फिलहाल भारतीय टीम जैसा खेल दिखा रही है उससे यही उम्मीद है कि जल्द ही हमारी टीम भी हार की तुलना में ज्यादा जीत हासिल कर लेगी।

### इस सदी में बदला भारत का ट्रेंड

टेस्ट क्रिकेट में भारत को पहले एक डिफेंसिव टीम कहा जाता था। यानी ऐसी टीम जो यह कोशिश करती थी कि किसी तरह हार टाली जाए। इस कोशिश में जीत कम मिलती थी, हार और ड्रॉ की संख्या तेजी से बढ़ी। 1932 से लेकर साल 2000 तक भारत ने 336 टेस्ट मैच खेले थे। इनमें भारत को सिर्फ 63 में जीत मिली थी। 112 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 1 टेस्ट मैच टाई रहा और 160 ड्रॉ समाप्त हुए।

### घर में ऐसी बादशाहत पहले नहीं देखी गई

पिछले कुछ सालों में भारत की कामयाबी के पीछे घरेलू जमीन पर बादशाहत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। भारत ने 2012 में आखिरी बार घरेलू जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई थी। तब इंग्लैंड ने हमारी टीम को भारत में आकर 2-1 से हराया था। इसके बाद से टीम लगातार 17 टेस्ट सीरीज जीत चुकी है। घर में पिछले 51 टेस्ट मैचों में भारत को सिर्फ 4 में हार का सामना करना पड़ा है। 39 में टीम जीती है और 7 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

### विदेश में भी सुधरा टीम इंडिया का प्रदर्शन

पिछली सदी में (1932 से 2000 तक) भारत के ओवरऑल कमजोर रिकॉर्ड के पीछे विदेशी जमीन पर खराब खेल दिखाना बहुत बड़ा कारण था। 1993 से 2000 तक भारत ने विदेश में 157 टेस्ट खेले थे। इनमें से सिर्फ 14 में टीम को जीत मिली थी। 70 में हार का सामना करना पड़ा था। 73 ड्रॉ रहे थे।

### विराट सबसे सफल कप्तान

टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली भारत के सबसे सफल कप्तान साबित हुए हैं। विराट की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते। 17 में हार मिली और 11 टेस्ट ड्रॉ रहे। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी और सौरव गांगुली का नंबर आता है। 16 टेस्ट में 10 जीत के साथ रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारत के पांचवें सबसे सफल कप्तान बन गए हैं।

**भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया**

# भारत ने 4-1 से श्रृंखला जीती

**● भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया ● धर्मशाला टेस्ट के साथ सीरीज 4-1 से जीती, गिल-रोहित की सेंचुरी, अश्विन को 9 विकेट ● कुलदीप यादव मैन ऑफ द मैच व यसस्वी जायसवाल मैन ऑफ द सीरीज बनें।**




**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली। एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पहली पारी में इंग्लैंड 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरी पारी में 259 रन की बढ़त मिली, इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है।

### भारत ने रचा इतिहास, 112 साल पहले बने इस बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला रोहित एंड कंपनी ने पारी और 64 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमाया। धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया ने एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। दरअसल, भारत को पहले टेस्ट में करारी हार मिली थी और इसके बाद रोहित एंड कंपनी जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी चारों मैच जीते। भारत ने तीसरी बार टेस्ट सीरीज में चार मैच जीते हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने 2012-13 में ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से और 2016-17 में इंग्लैंड को 4-1 से हराया था।

### टीम इंडिया ने बनाया रिकॉर्ड

धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों की बराबरी की है। दरअसल, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला टेस्ट हारने के बाद अब तक तीन ही टीमों ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मैच जीते हैं। कुल मिलाकर ऐसा चार बार हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने दो बार ऐसा किया है और इंग्लैंड-भारत ने एक-एक बार किया है। इस सीरीज से पहले पिछली बार ऐसा 112 साल पहले इंग्लैंड ने किया था। उन्होंने 1912 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लिश टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मुकाबले जीते थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा-1897/98 में और 1901/02 में किया था।

### पिछले 112 साल में पहली बार हुआ ऐसा

अब भारत ने इन दोनों टीमों की बराबरी की है। टीम इंडिया पिछले 112 वर्षों में ऐसी पहली टीम बन गई है जिसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज के बाकी बचे चार टेस्ट जीते। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने जबरदस्त वापसी करते हुए विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से, राजकोट में तीसरा टेस्ट 434 रन से और फिर रांची में चौथा टेस्ट पांच विकेट से अपने नाम किया। धर्मशाला टेस्ट को टीम इंडिया ने तीन दिन में ही खत्म कर दिया।

### भारत ने 17वीं टेस्ट सीरीज जीती

भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है, जो कि एक रिकॉर्ड है। जीत का यह सिलसिला 22 फरवरी 2013 से अब तक जारी है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 1994 से लेकर 2001 तक अपने घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती थी। भारत ने सातवीं बार टेस्ट में सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज अपने नाम की है। कप्तान स्टोक्स और कैच ब्रैंडन मैकुलम के साथ आने के बाद इंग्लैंड की यह पहली टेस्ट सीरीज हार है। भारत ने बैजबॉल को ध्वस्त कर दिया है। बैजबॉल इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट स्टाइल को कहा जाता है।

## 100वें टेस्ट में अश्विन ने रचा इतिहास

**ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने, कुंबले को पीछे छोड़ा**



धर्मशाला (एजेंसी)। अश्विन ने सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज सर रिचर्ड हैडली की बराबरी की। अब अश्विन से ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में शेन वॉर्न (37 बार) और श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (67 बार) आगे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इतिहास रच दिया। उन्हेंने इंग्लिश टीम की दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। अश्विन ने बेन डकेट (2) को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया था। इसके बाद उन्होंने जैक क्राउली (0) और फिर ओली पोप (19) को आउट कर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को पवेलियन भेजा। फिर उन्होंने बेन स्टोक्स और बेन फोक्स को आउट कर पारी में पांच विकेट पूरे किए। टेस्ट में उन्होंने अब तक 36 बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। वह भारत की ओर से टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने 35 बार ऐसा किया था।

## बीसीसीआई ने टेस्ट फीस में की तीन गुणा बढ़ौतरी

**● एक सीजन में 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ी को एक मैच के 45 लाख मिलेंगे: जय शाह**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने युवा खिलाड़ियों में टेस्ट क्रिकेट के प्रति ललक बढ़ाने के लिए टेस्ट फीस में बढ़ौतरी का ऐलान कर दिया है। इसके तहत 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' शुरू की गई है जिसमें प्रत्येक सीजन 7 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले प्लेयरों को 45 लाख रुपए प्रति मैच तक दिए जाएंगे। पहले भारतीय क्रिकेटरों को एक टेस्ट खेलने पर 15 लाख रुपए दिए जाते थे। ऐसे में नई स्कीम के तहत रैगुलर टेस्ट खेलने वाले क्रिकेटरों को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। खास तौर पर वह क्रिकेटर जोकि सिर्फ टेस्ट क्रिकेट ही खेलते हैं। बीसीसीआई को उम्मीद है कि इससे युवा क्रिकेटरों में टेस्ट क्रिकेट के प्रति भी प्यार बढ़ेगा।

जय शाह ने लिखा- मुझे वरिष्ठ पुरुषों के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हमारे सम्मानित एथलीटों को वित्तीय विकास और स्थिरता प्रदान करना है। 2022-23 सीज़न से शुरू होकर, 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' टेस्ट मैचों के लिए 15 लाख रुपए की मौजूदा मैच फीस के ऊपर एक अतिरिक्त इनाम संरचना के रूप में काम करेगी।

स्कीम के तहत अगर कोई क्रिकेटर सीजन में 4 या इससे कम टेस्ट खेलता है तो उसे निश्चित भुगतान के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया जाएगा। चाहे वह प्लेइंग 11 में हो या न हो। अगर क्रिकेटर सीजन में 5 से 6 मुकाबले खेलता है तो प्लेइंग 11 में आने पर उसे 30 लाख रुपए मिलेंगे। अगर प्लेइंग 11 में नहीं है तो 15 लाख रुपए।

**अफगानिस्तान वर्सेस ऑयरलेंड**

## लीजेंड्स क्रिकेट लीग में चला कप्तान युवराज सिंह का बल्ला, ठोके लंबे-लंबे छक्के

**पल्लीकेल (एजेंसी)।** लीजेंड्स क्रिकेट लीग के नए संस्करण में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की कप्तानी कर रहे युवराज सिंह ने पल्लीकेल के मैदान पर अपना विंटेज रूप दिखाया। दुबई जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में युवराज ने 16 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। बारिश के कारण मुकाबले को 9 ओवर का कर दिया गया था। युवराज ने 28 रन बनाकर स्कोर 85 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी दुबई जायंट्स केवल 64 रन ही बना पाई।



**न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स 85-4 (9 ओवर)-** न्यूयॉर्क की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में थिरमाने 1 रन बनाकर लकमल की गेंद पर बोल्ड हो गए। जबकि वॉल्टन ने 9 गेंदों पर 10 रनों का योगदन दिया। इसके बाद एल्विरो पीटरसन ने कप्तान युवराज सिंह के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया।

पीटरसन ने जहां 18 गेंदों पर 22 रन बनाए तो युवराज ने अपने चिर परिचित अंदाज में 16 गेंद खेलकर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद क्रिस्टियन ने 9 गेंदों पर 18 रन बनाकर स्कोर 85 तक पहुंचा दिया।दुबई की ओर से फिडिल एडवर्ड ने 14 रन देकर 1, लकमल ने 19 रन देकर 1 तो प्रसन्ना ने 26 रन देकर 1 विकेट लिया।



## शोटाइम अभिनेता राजीव खुद को नहीं मानते हैं स्टार

**अभिनेता राजीव खंडेलवाल टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। पहली बार वे टीवी शो कहीं तो होगा में सुजल की भूमिका में दिखाई दिए थे। इस शो ने उन्हें टेलीविजन इंडस्ट्री का चमकता सितारा बना दिया था। दर्शकों को आज भी राजीव सुजल के रूप में याद हैं। आने वाले दिनों में वे वेब सीरीज शोटाइम में नजर आने वाले हैं। हाल ही में अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेता अपने शुरूआती दिनों की यादें साझा करते दिखाई दिए।**

### नीतू कपूर ने लुटाया था प्यार

सीरियल कहीं तो होगा से राजीव रातों रात स्टार बन गए थे। पुराने दिनों को याद करते हुए अभिनेता कहते हैं, मुझे खुद नहीं पता कि कैसे मैं अचानक इतना लोकप्रिय हो गया। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक पार्टी के दौरान मैं नीतू कपूर से मिला था। वे मेरे पास आईं और उन्होंने मेरे गालों को थपथपाते हुए कहा कि आप बहुत प्यारे लग रहे हो और मुझे आपका शो काफी पंसद है।

### राजेश खन्ना से मिली थी तारीफ

राजीव खंडेलवाल अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, उस रात उस पार्टी में कई दिग्गज सितारे मौजूद थे। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं राजेश खन्ना और दिलीप कुमार साहब से मिलूंगा। मुझे रीना रॉय जी राजेश खन्ना से मिलवाया था। वे सफेद कुर्ता-पायजामा में थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं।

### खुद को नहीं मानता स्टार

अभिनेता राजीव खंडेलवाल सीरियल के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। उनकी अच्छी-खासी फैन-फॉलोइंग है। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप खुद को स्टार मानते हैं। तब राजीव ने कहा, नहीं मैं खुद स्टार नहीं मानता हूं। आप खुद स्टार तब समझिए जब लोग आपको अपने दिल में रखें और आपके जाने के बाद भी आपको और आपके काम को याद करें।



## श्रीजिता डे ने साझा किया कास्टिंग काउच का अनुभव

लोकप्रिय अभिनेत्री और बिग बॉस 16 की प्रतियोगी श्रीजिता डे ने हाल ही में अपने चौंकाने वाले कास्टिंग काउच अनुभव के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में, श्रीजिता ने खुलासा किया कि यह घटना तब हुई जब वह कोलकाता में एक वरिष्ठ निर्देशक के साथ मीटिंग के लिए गई थीं। अभिनेत्री के इस खुलासे से उनके फैंस भी हैरान रह गए हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। श्रीजिता ने खुलासा करते हुए कहा, जब मैं केवल 17 साल की थी तब मैंने मनोरंजन इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। मैं पश्चिम बंगाल के हल्दिया नामक एक बहुत छोटे शहर से हूं। मेरी मां हमेशा मेरी सपोर्ट सिस्टम रही थीं, लेकिन इसके बावजूद मैं इन सबकी शिकार हो गई। मुझे लगता है कि समाज में ऐसे लोग काफी तादाद में भरे पड़े हैं। आपको हर एक कदम सोच समझ कर रखने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि लोग उन्हें सिर्फ मीटिंग के लिए बुलाते थे और उनके पास देने के लिए कोई भूमिका या प्रोजेक्ट नहीं होता था। अभिनेत्री ने कहा, मैं ऐसे लोगों से मिली हूं, जो काफी चालाक थे, जिनके पास देने के लिए कोई परियोजना नहीं थी लेकिन वे सिर्फ मीटिंग चाहते थे। वे कहते थे उनके पास इस बड़े निर्देशक की एक फिल्म है लेकिन बीच में कास्टिंग काउच शामिल था। मैं इस तरह के लोगों से मिली, लेकिन मैंने अपनी मां से कुछ भी नहीं छिपाया। श्रीजिता ने बताया, जब मैं 19 साल की थी, तो मुझे एक बंगाली फिल्म ऑफर की गई थी, जो एक हिंदी फिल्म की रीमेक थी। मुझे एक मीटिंग के लिए बुलाया गया था। मेरी मां कोलकाता में थीं और मैं अकेले डायरेक्टर के ऑफिस गई थी। उन्होंने जिस तरह से मेरा कंधा पकड़ा और जिस तरह से मुझसे बात की, वह मुझे पसंद नहीं आया। वह एक बूढ़े आदमी थे। भले ही आप बहुत छोटे हों, आप जानते हैं कि कौन सा स्पर्श सही नहीं है। मैंने अपना पर्स उठाया और ऑफिस से बाहर भाग गई।

इस तरह की चुनौतियों से पार पाने के बारे में श्रीजिता ने कहा, मुझे आश्चर्य होता था कि लोगों की ऐसी मानसिकता कैसे हो सकती है। लेकिन मैं कभी भी बहकावे में नहीं आई। मैं काफी मजबूत थी और मुझे पता चला जहां अच्छा काम होता है, वहां लोग कभी भी गलत तरीके से आपसे संपर्क नहीं करेंगे।



## तारिणी से बॉलीवुड में धमाल मचाने को तैयार आरुषी निशंक

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस खास मौके पर हिमश्री फिल्म्स और टी- सीरीज ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट तारिणी की घोषणा की है। इस फिल्म के माध्यम से मशहूर कत्थक नृत्यांगना आरुषी निशंक बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी। तारिणी दुनिया के सामुद्रिक सफर पर निकलीं पहली, नेवी की छह जांबाज महिला अफसरों पर आधारित एक फिल्म है। इस घोषणा के बाद दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। रक्षा मंत्रालय से सफलतापूर्वक अधिकार प्राप्त करने के बाद, आरुषि निशंक और कुमार विश्वास वर्तमान में तारिणी के लेखन को पूरा करने में लगे हुए हैं। यह परियोजना छह वीर महिलाओं की मनोरंजक कहानी को पर्दे पर जीवंत तरीके से पेश करने के लिए तैयार है, जिन्होंने समाज की रूढ़िवादिता को तोड़ा और समुद्र पर विजय प्राप्त की और हर महिलाओं के लिए मिसाल बनी थीं। बता दें कि तारिणी केवल एक साधारण कहानी नहीं है। यह महिला सशक्तिकरण को भी प्रदर्शित करती है। यह महिलाओं की उपलब्धियों का प्रमाण है। आरुषि निशंक का मानना है कि यह परियोजना दुनिया भर में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के प्रतीक और उदाहरण के रूप में काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत बनी इस तारिणी नौका में सवार होकर इन छह महिला अफसरों ने इस साहसिक अभियान के साथ अपना नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से भी दर्ज कर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अभियान को खूब सराहा था। अरुषी निशंक ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, तारिणी सिर्फ एक कहानी से कहीं अधिक है; यह उन महिलाओं की जाबाज भावना को श्रद्धांजलि है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और संभावनाओं को फिर से परिभाषित करती हैं। इस परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। लेखक कुमार विश्वास ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, तारिणी पर सहयोग करना एक सम्मान की बात है और मैं साहस और विजय की इस कहानी को बुनने के लिए उत्साहित हूं। इन छह महिलाओं की यात्रा प्रेरणा का स्रोत है और हम आशा करते हैं कि उनकी कहानी को इस तरह व्यक्त करें जो दर्शकों को पसंद आए।



## सोनाक्षी सिन्हा के लिए बेस्ट डायरेक्टर हैं भंसाली

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी के अलावा मनीषा कोईराला, ऋचा चड्ढा और अदिति राव अहम भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। हाल ही में शो के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी सिन्हा हीरामंडी के अलावा संजय लीला भंसाली के बारे में कई दिलचस्प खुलासे करती नजर आईं।

कॉफी के शौकीन हैं निर्देशक सोनाक्षी सिन्हा शो हीरामंडी- द डायमंड बाजार से पहले भी संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनी फिल्म राउडी राठौड़ में काम कर चुकी हैं। सोनाक्षी बताती हैं, मैं काफी समय से संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाह रही थी, लेकिन किसी न किसी वजह से बात नहीं बन पा रही थी। मैं जब भी उनसे मिलने के लिए ऑफिस जाती थी वे कॉफी ऑफर करते थे। मैं कॉफी पी कर और बात करके वापस आ जाती थी। आप जब भी उनके ऑफिस जाएंगे वो आपको कॉफी जरूर पिलाते हैं। संजय लीला भंसाली कॉफी के शौकीन हैं। सोनाक्षी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे लगता है कि संजय लीला भंसाली अपनी स्त्री किरदारों को सबसे ज्यादा खूबसूरती से दिखाते हैं। आप उनकी कोई भी फिल्म उठा कर देख लीजिए वे महिला चरित्रों के साथ न्याय करते हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे हीरामंडी- द डायमंड बाजार का हिस्सा बनने का मौका मिला।



## बड़े पर्दे पर नजर आएगी धनुष रशिमका की जोड़ी



साउथ सुपरस्टार धनुष और इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे टॉलीवुड निर्देशक शेखर कम्मुला की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। फिलहाल फिल्म का अस्थायी नाम डीएनएस (डी 51) रखा गया है। निर्देशक शेखर कम्मुला तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्देशकों में से एक है। अपनी अगली फिल्म में वे धनुष और रश्मिका मंदाना को एक साथ लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। पोस्ट में बताया गया फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक महाशिवरात्रि के मौके पर शाम 4 बजकर 5 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म को एमिगोस क्रिएशन्स और श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी के बैनर तले बनाया जा रहा है। वहीं, इसका संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से दर्शकों में इसे लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। फैंस दोनों की जोड़ी को एक साथ देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले धनुष फिल्म रायन में नजर आएंगे। यह धनुष की 50वीं फिल्म होगी। हाल ही फिल्म का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया। गौरतलब है कि रायन को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन के पोस्टर में धनुष का एंग्री यंग लुक देखने को मिला था, जिसके बाद फैंस धनुष की इस फिल्म को लेकर भी काफी उत्साहित हैं।



## शत्रुघ्न सिन्हा ने पूरी की सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद की शूटिंग

शत्रुघ्न सिन्हा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर राजनीति में सक्रिय हैं। वे आसनसोल लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद हैं। अब एक बार फिर अभिनेता अपने अभिनय का जादू दर्शकों पर चलाने आ रहे हैं। हालांकि, इस बार वह ओटीटी के जरिए मनोरंजन करने वाले हैं। वह वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में अपने अभिनय से दर्शकों को खामोश करने वाले हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन नागेंद्र चौधरी ने किया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा कर उनके साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। अभिनेता ने लिखा है, एक शानदार और अनुभवी निर्देशक नागेंद्र चौधरी के साथ काम करना यादगार अनुभव रहा। सुमन टाकीज की प्रतिभाशाली कास्ट और महान व मेहनती कलाकारों के साथ काम करते हुए अच्छा लगा। अभिनेता ने आगे लिखा, अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का फर्स्ट लुक पोस्टर आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। यह अपराध, दोस्ती और मुक्ति की एक शानदार कहानी है। इसका निर्माण विनय कुमार और प्रदीप नागर ने किया है। नागेंद्र चौधरी ने इसका निर्देशन करने के साथ-साथ इसे लिखा भी है। यह सीरीज 90 के दशक के अंडरवर्ल्ड की दुनिया की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी। पोस्टर में शत्रुघ्न सिन्हा के अलावा आशुतोष राणा, माहिरा शर्मा, सनी लियोनी, अभिमन्यु सिंह और मुकेश तिवारी जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।

## थंगम बन दिल जीतने आ रहीं हैं जान्हवी कपूर

साल की सबसे भव्य पैन-नेशन रिलीज में से एक के रूप में प्रतिष्ठित महाकाव्य गाथा देवरा- भाग 1 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में मैन ऑफ मास जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। देवरा के साथ जान्हवी कपूर अपना साउथ डेब्यू करने वाली हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन के खास अवसर पर निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जिस पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। देवरा - भाग 1 के निर्माताओं ने जान्हवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इसमें एक पोस्टर का अनावरण किया गया, जिसमें अभिनेत्री थंगम के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जान्हवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। देवरा। जान्हवी कपूर नवीनतम पोस्टर में थंगम के किरदार में नजर आ रही हैं। इस सोशल मीडिया पोस्ट पर शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फैंस, जान्हवी के लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही उनकी सराहना करते भी नजर आ रहे हैं। जान्हवी कपूर ने इस पोस्ट को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रीशेयर करते हुए लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती। बहुत प्यारा।

कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका प्रारंभिक अध्याय 10 अक्तूबर, 2024 को दशहरा सप्ताहांत के साथ सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगा। इस महान कृति का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और सिनेमैटोग्राफी आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

